

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 1 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-064 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 2 जून 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## चुनौतियों के इस दौर में आपकी आवाज बुलंद करता तरुण छत्तीसगढ़

**आशीष तिवारी**

यूनानी दार्शनिक हेराक्लीटस ने लगभग 2500 वर्ष पहले कहा था, "परिवर्तन के अलावा कुछ भी स्थायी नहीं है।" परिवर्तन के इस स्थाई मार्ग पर 41 सालों बाद आपका प्रिय अखबार 'तरुण छत्तीसगढ़' निकल पड़ा है. पिछले 41 सालों से पूरी ईमानदारी से लोकतंत्र के इस पहरी ने अपनी भूमिका निभाई है. इसके चलते इसे आम पाठकों ने बहुत लाड़ और प्यार भी दिया है. हर दौर की अपनी एक परिभाषा होती है, और हर पीढ़ी अपने समय के साथ आगे बढ़ती है।

पत्रकारिता भी समय के साथ निखरती रही है—कभी केवल खबरों तक सीमित, तो कभी समाज की आत्मा को छूती हुई। आज जब सूचनाओं की रफ्तार बिजली से भी तेज़ हो गई है, तब ज़रूरत है ऐसी पत्रकारिता की, जो सिर्फ़ तेज़ नहीं, सटीक भी हो—जिम्मेदार भी हो। रायपुर की मिट्टी में रचा-बसा यह अख़बार अब नए कलेवर में सामने आ रहा है—ताज़गी के साथ, आधुनिकता के साथ, लेकिन अपनी ज़मीन से जुड़ा हुआ। नए रंग, नया डिज़ाइन, नई सोच—मगर वही भरोसा, वही निष्ठा। तरुण छत्तीसगढ़ ईमानदारी, बेबाकी और आपसे मिले स्नेह को अपनी मजबूती और ताकत मानता आया है. नए तेवर और कलेवर के साथ भी हम अपनी पुरानी खासियतों के साथ आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे. हमारी कोशिश रहेगी कि हासिए पर जो लोग हैं उनकी आवाज भी जिम्मेदारों तक पहुंचे. जिनकी बात टीआरपी और बाजारवाद के दबाव में दूसरे माध्यम नहीं कर पाते हम उनकी पीड़ा से भी समाज और शासन प्रशासन को रूबरू कराएं. हमें उम्मीद है कि इस चुनौती का सामना करने में हमारे पाठक हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहेंगे.

हम उस दौर में **तरूण छत्तीसगढ़** को नए कलेवर और तेवर में ढाल रहे हैं जब एक तरफ डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के रफ्तार के सामने अखबारों के लिए अस्तित्व की लड़ाई चल रही हो. जाहिर सी बात है इस दौर में टिके रहने के लिए सामान्य से बहुत बेहतर करना होगा हम आपसे वादा करते हैं कि जरूरी खबरों के साथ ही आपको बेहतरीन पठनीय सामाग्री उपलब्ध कराएंगे. बदलाव का यह चेहरा केवल सजावट नहीं है, बल्कि यह उस संकल्प का प्रतीक है जो सत्य, साहस और सरोकार की पत्रकारिता को आगे ले जाने का वादा करता है। यह नया सफ़र सिर्फ़ तरुण छत्तीसगढ़ का ही नहीं बल्कि आप सभी पाठकों का भी है।

**"हवा के रुख़ को क्या रोकेगी कोई दीवार,**
**हम तो निकले हैं तूफ़ानों से हो के पार।"**

# भूपेश बघेल के करीबी विजय भाटिया दिल्ली से गिरफ्तार

## दुर्ग में कई ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू का छापा

**दुर्ग,1 जून।** आर्थिक अपराध शाखा ने शराब कारोबारी विजय भाटिया के दुर्ग स्थित पांच ठिकानों पर आज सुबह दबिश दी है. इस बीच खबर है कि एसीबी के अधिकारी शराब घोटाले में फरार विजय भाटिया को दिल्ली स्थिति उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए छत्तीसगढ़ लेकर आ रही है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाने वाले विजय भाटिया के ठिकानों पर शराब घोटाले से जुड़े मामले में ईडी, एसीबी-ईओडब्ल्यू के अधिकारी तीन बार छापा मार चुके हैं. अबकी बार ईओडब्ल्यू के छह अधिकारियों के विजय भाटिया के निवास पर दबिश देने की खबर है. पिछली बार जब विजय भाटिया के ठिकानों पर छापा मारा था, तब वह नहीं मिले थे. बता दें कि छत्तीसगढ़ का बहुचर्चित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच राज्य की सरकारी शराब दुकानों से अवैध तरीके से शराब बेचने से जुड़ा है. इस घोटाले में दो हजार करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान की बात कही गई है. ईडी के चालान में इस घोटाले में अब तक 21 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें कवासी लखमा (पूर्व आबकारी मंत्री), अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, छत्तीसगढ़ डिस्टलर, वेलकम डिस्टलर, टॉप सिक्योरिटी, ओम साईं ब्रेवरेज, दिशिता वेंचर, नेस्ट जेन पावर, भाटिया वाइन मर्चेंट, और सिद्धार्थ सिंघानिया जैसे प्रमुख नाम शामिल है. प्रवर्तन निदेशालय की जांच में यह बात सामने आई कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में आईएएस



अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के गठजोड़ ने यह घोटाला किया. ईडी ने इस मामले में 28 दिसंबर 2024 को कवासी लखमा और उनके परिवार के सदस्यों के घरों पर छापे मारे थे, और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज व डिजिटल डिवाइस जब्त किए थे, जिनमें अपराध से अर्जित आय के सबूत मिले थे. इसके बाद 15 जनवरी को लखमा को गिरफ्तार किया गया और तब से वे रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं.

# कोरोना से 48 घंटे में 21की मौत

**नई दिल्ली,1जून।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक, 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 1372% की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। इसमें 21 लोग बीते 2 दिन में मरे हैं। शनिवार को बेंगलुरु में 63 साल के व्यक्ति की मौत हो गई है। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने शनिवार को पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की



**3783 एक्टिव केस बेंगलुरु में वैक्सीन की तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत**

अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने दिक्कत होने पर तुरंत जांच करने को कहा है। मिजोरम में 7 महीने बाद कोविड का पहला केस मिला मिजोरम में शुक्रवार को 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, उस दौरान राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के इंटीग्रेटेड रोग निगरानी कार्यक्रम ने लोगों से न घबराने की बात कही है। आईडीएसपी ने लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने, नियमित रूप से हाथ धोने, हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाने की सलाह दी है।

# मेरठ में भूकंप के झटके

**मेरठ ,1 जून।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में रविवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय समयानुसार भूकंप सुबह 8 बजकर 44 मिनट पर आया और इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र मेरठ जिले के आसपास के क्षेत्र में रहा है। भूकंप का केंद्र 28.87 उत्तरी अक्षांश और 77.96 पूर्वी देशांतर पर था, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। हालांकि, भूकंप की तीव्रता हल्की होने के बावजूद लोगों ने इसे महसूस किया। भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है। बता दें कि 28 मई को मणिपुर में भी भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 और 5.2 मापी गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, 28 मई 2025 को तड़के 1:54 बजे (भारतीय समयानुसार) मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र 24.46 उत्तरी अक्षांश और 93.70 पूर्वी देशांतर पर था, जिसकी गहराई 40 किलोमीटर थी। इसके थोड़ी देर बाद ही दूसरी बार मणिपुर में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, दादा-पोते की मौत

**खैरागढ़,1 जून।** गंडई-कवर्धा मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे में दादा और पोते की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में महिला (दादी) गंभीर रूप से घायल हुई है. यह हादसा



गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरही नदी पुल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार हाइवा ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी. यह दर्दनाक हादसा पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है. जानकारी के अनुसार, साजा ब्लॉक के ग्राम पदमी निवासी परमेश्वर निर्मलकर, उनकी पत्नी इंद्राणी निर्मलकर और पोता डिकेश निर्मलकर लमरा गांव में अपनी बेटी के घर आए हुए थे. रविवार सुबह तीनों बाइक से अपने गांव पदमी लौट रहे थे. जैसे ही वे सुरही नदी पुल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि परमेश्वर निर्मलकर और उनके पोते डिकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इंद्राणी निर्मलकर गंभीर रूप से घायल हो गई. हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा किया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घायल महिला का इलाज गंडई के सरकारी अस्पताल में चल रहा है.

# शेख हसीना के खिलाफ मुकदमा

ढाका,1 जून। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके दो वरिष्ठ अधिकारियों पर 2024 के छात्र-आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों का गंभीर आरोप लगाया गया है। अभियोजन पक्ष ने रविवार को एक टेलीविजन सुनवाई में घोषणा करते हुए बताया कि इन लोगों ने जानबूझकर हिंसक दमन अभियान चलाया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने कहा कि ये हत्याएं योजनाबद्ध थीं। उन्होंने वीडियो साक्ष्यों और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच एन्क्रिप्टेड संचार का हवाला देते हुए दावा किया कि शेख हसीना ने स्वयं सुरक्षा बलों, सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े संगठनों को यह कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इस मामले में 81 लोगों को गवाह के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अभियोजकों ने यह भी कहा कि शेख हसीना पर एक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में देश की सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई की पूर्ण जिम्मेदारी होती है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि ढाका, चिटगांव और अन्य शहरों में सुरक्षा बलों ने छात्रों पर अंधाधुंध



गोलियां चलाईं और कई जगहों पर विरोध स्थलों को जबरन हटाया गया। आपको बता दें कि एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच जैसी संस्थाओं ने लंबे समय से बांग्लादेश में सत्ता के दुरुपयोग और प्रदर्शनकारियों पर अत्याचार की निंदा की है। 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तानी सेना के सहयोगियों पर मुकदमा चलाने के लिए गठित न्यायाधिकरण ने पहले कई जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं को मौत की सजा सुनाई है।

# प्रिया सरोज और रिंकू सिंह की शादी पक्की

**नई दिल्ली,1 जून।** भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह और यूपी के जौनपुर की मछलीशहर सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी की बात और तारीख पक्की हो गई है। इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया जा रहा है कि दोनों की सगाई लखनऊ में होने वाली है। 8 जून को लखनऊ के एक होटल में सगाई का कार्यक्रम तय है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शादी की तारीख भी पक्की हो चुकी है। 18 नवंबर 2025 को वाराणसी के एक होटल में शादी की रस्में पूरी की जाएंगी। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी के एक फाइव स्टार होटल में शादी के लिए बुकिंग हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि सगाई में सीमित संख्या में गेस्ट शामिल होंगे। लखनऊ के 5 सितारा होटल में आयोजित होने वाले इस सगाई समारोह में 21 सांसदों को न्यौता भेजा गया है।

# शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी पर विदेशी सांसद भी भड़के

**पुणे,1 जून।** पुणे की लॉ स्टूडेंट की गिरफ्तारी को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कई राजनेताओं ने गिरफ्तारी को सही ठहराया तो वहीं बीजेपी ने उनकी गिरफ्तारी को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वीडियो शेयर करने के मामले में कोलकाता पुलिस ने उन्हें गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने शर्मिष्ठा को 13 जून तक की न्यायिक हिरासत में भेजा है। उनपर धर्म के आधार पर शत्रुता की भावना फैलाने का आरोप है। शर्मिष्ठा पुणे की लॉ यूनिवर्सिटी की छात्रा हैं। इसके अलावा इन्स्टाग्राम पर उनकी काफी फॉलोअर हैं। उनके फॉलोअर्स की लिस्ट में एक पाकिस्तानी शख्स भी था जिसने पहलगाम हमले के बाद उनसे सवाल पूछा था। इसके बाद उसी का जवाब देते हुए शर्मिष्ठा ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उन्होंने पहलगाम हमले पर बॉलिवुड के कलाकारों की चुप्पी पर सवाल उठाए। इसके बाद विवाद शुरू हो गया था। विशेष धर्म पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर



कोलकाता पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पनोली की गिरफ्तारी को लेकर सियासत शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल के बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, शर्मिष्ठा को उस वीडियो के लिए गिरफ्तार कर लिया गया जिसके लिए उसने माफी भी मांगी और फिर डिलीट भी कर दिया। ना कोई दंगा ना कोई तनाव। इसके बाद भी ममता बनर्जी की पुलिस ने कार्रवाई कर दी। न्याय के लिए नहीं बल्कि तुष्टीकरण के लिए। टीएमसी के नेता जब सनातन धर्म का अपमान करते हैं। जय श्री राम को गाली बताते हैं तो वहां एक एफआईआर तक नहीं दर्ज होती। ना कोई गिरफ्तारी होती है और ना ही कोई माफी मांगता है। इसी बीच डच संसाद विल्डर्स ने भी सोशल मीडिया पर पीएम मोदी से शर्मिष्ठा की मदद करने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा, शर्मिष्ठा पनोली बहादुर है। उनकी गिरफ्तारी अभिव्यक्ति की आजादी का अपमान है। उन्हें पाकिस्तान के बारे में सच बोलने की सजा नहीं मिलनी चाहिए।

अभिनेत्री से नेत्री बनीं कंगना रनौत ने कहा, मैं मानती हूं कि शर्मिष्ठा के एक्सप्रेशन में कुछ अप्रिय शब्द थे। लेकिन ऐसे शब्द आजकल युवा अकसर इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने अपने बयान के लिए माफी भी मांग ली है जो कि काफी होना चाहिए। उन्हें अब परेशान करने और धमकाने की जरूरत नहीं है। उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में बारिश का यलो-अलर्ट

**रायपुर,1 जून।** छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश आज से धीमी पड़ सकती है। सिनॉप्टिक सिस्टम के बदलाव के चलते अगले 5 दिन ड्राई हो सकते हैं। यानी बहुत ज्यादा बारिश होने की संभावना नहीं है। औसतन तापमान में 2-4 डिग्री वृद्धि हो सकती है, जिससे गर्मी बढ़ेगी।

मौसम विभाग ने आज सिर्फ सरगुजा, जशपुर, जगदलपुर, बस्तर और बीजापुर समेत 5 जिलों में ही यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। वहीं 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसके अलावा बाकी अन्य जिलों में मौसम में सामान्य रहेगा। वहीं पिछले 24 घंटे की बात करें तो अधिक तापमान 36.4 डिग्री बिलासपुर का रहा, जबकि सबसे कम तापमान 23.8 C गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का रहा। इसके अलावा प्रदेश में बारिश की बात करें तो दंतेवाड़ा में सबसे ज्यादा नॉर्मल से बहुत अधिक बारिश हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मानसून जल्द आने और सप्ताहभर



पश्चिमी विक्षोभ और अन्य सिस्टम के कारण हुई बारिश ने मई को तरबतर कर दिया। प्रदेश के अधिकांश जिलों में मई के 30 दिनों में नॉर्मल से बहुत अधिक बारिश हो चुकी है। दंतेवाड़ा में सबसे ज्यादा 2788 फीसदी तक अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक 29 में से 4 जिलों में ही औसत से कम बारिश हुई है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के डेटा नहीं आए हैं। इस तरह 24 जिलों में औसत से ज्यादा बारिश हो चुकी है। पिछले 6 दिन में बारिश की रफ्तार भी फ्लेक्चुएट होती रही है। जहां शनिवार को सिर्फ 12 इलाकों में ही हुई। इसके बाद रविवार को अलग-अलग जिलों के 50 से ज्यादा इलाकों में पानी गिरा, लेकिन सोमवार को सिर्फ 17 इलाकों तक ही बारिश सिमट गई। मंगलवार को 27 और बुधवार को 74 इलाकों में बारिश हुई है। गुरुवार को सिर्फ 27 इलाकों में बारिश हुई है। शुक्रवार को 25 इलाकों और शनिवार को 20 जगहों पर न्यूनतम 10 मिमी बारिश हुई।

# पूर्वोत्तर भारत में बारिश का कहर, 25 की मौत

**गुवाहाटी,1 जून।** असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। यहां हुए भूस्खलन के कारण कई घर मलबे में दब गए, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह त्रासदी तब हुई जब भारी बारिश ने शहर को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया, जिससे पहाड़ियां और ढलानें अत्यधिक कमज़ोर पड़ गईं। स्थानीय अधिकारियों ने नागरिकों को फिर से चेतावनी जारी की है और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। भूस्खलन के अलावा, राज्य के अन्य हिस्सों में बाढ़ ने भी तीन और लोगों की जान ले ली। इनमें गोलाघाट जिले में दो और लखीमपुर जिले में एक व्यक्ति की मौत शामिल है। यह प्राकृतिक आपदा पूर्वोत्तर भारत में मानसून के शुरुआती चरणों में ही एक गंभीर चुनौती बन गई है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। बचाव कार्य जारी हैं और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता



पहुंचाई जा रही है। अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ के कारण सात लोगों की मौत हो गई, जब एक वाहन बाढ़ के पानी में बह गया। इसके अलावा, दो लोग डूब गए, जिससे राज्य में मरने वालों की संख्या नौ हो गई। मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय में भी आठ लोगों की मौत हुई है, जिससे कुल संख्या 17 हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण ये मौतें हुई हैं। मणिपुर में तीन दिनों से हो रही बारिश ने राजधानी इंफाल में दैनिक जीवन को ठप्प कर दिया है। शहर के कई हिस्सों में जलभराव की खबरें हैं, जिसके कारण अधिकारियों ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है और निवासियों को निकालने का आग्रह किया है। उत्तर सिक्किम में लगभग 1,500 पर्यटक फंसे हुए हैं, क्योंकि भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हो गई है। इसके अलावा, मंगन जिले में तीस्ता नदी में एक वाहन गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य लापता हो गए। भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है। असम के कुछ हिस्सों के लिए लाल और नारंगी अलर्ट जारी किए गए हैं, जबकि बाकी पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए नारंगी और पीले अलर्ट जारी किए गए हैं। बाढ़ प्रभावित असम में राहत और बचाव अभियान तेज़ हो गया है।

# विदेश में रह रहे भारतीयों को निशाना बनाने वाले दो ठगों को 2.5 साल की सजा

**पंचकूला।** हरियाणा में सीबीआई मामलों के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक साइबर अपराध मामले में दो निजी व्यक्तियों - आदित्य भारद्वाज उर्फ भानु और दीपक जैन उर्फ डीसी उर्फ डीजे को 2.5 साल के कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने यह मामला 27.09.2016 को उक्त आरोपियों के खिलाफ इस आरोप पर दर्ज किया था कि वे सिंगापुर में रह रहे भारतीय नागरिकों को धोखा देने में शामिल थे। यह भी आरोप लगाया गया था कि पीड़ितों को प्रतिरूपण और कानूनी कार्रवाई की झूठी धमकियों के माध्यम से धोखा दिया गया था और मनगढ़ंत कानूनी मामलों और कथित पासपोर्ट अनियमितताओं के बहाने पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया था। सीबीआई ने अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए डिजिटल साक्ष्य, वित्तीय लेनदेन और संचार के विस्तृत विश्लेषण के आधार पर मामले की जांच की। अदालत ने टिप्पणी की कि किए गए कार्य विश्वास का एक गंभीर उल्लंघन थे, खासकर जब कानूनी और पेशेवर जिम्मेदारियों वाले व्यक्तियों द्वारा इन्हें अंजाम दिया गया हो। यह फैसला डिजिटल प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग और निर्दोष नागरिकों, विशेष रूप से विदेश में रहने वालों का शोषण करने के लिए पेशेवर विशेषज्ञता के खिलाफ एक मजबूत निवारक के रूप में कार्य करता है।

## एक नजर

### युवक पर कैंची से हमला



**भिलाई, 1 जून।** भिलाई युवक पर कैंची से हमला कर लूटपाट करने वाले फरार दो आरोपियों को अमलेश्वर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल और अपराध में उपयोग किये गये कैंची, स्कूटी ;मोपेड, बरामद किया है। वहीं एक फरार आरोपी की तलाश कर रही है एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 27 मई को आहत मोहित कोल अपने छोटे भाई रोहित कोल के साथ दोपहर करीब 11:30 बजे अपने मोटर साइकिल से जामगांव एम देशी शराब भट्ठी गए थे। शराब लेकर घर वापस आ रहे थे। उसी दौरान इनकी मोटर साइकिल की चेन टूट गयी। तब दोनों मोटर साइकिल को ढ़केलते आ रहे थे आहत थक गया तो मुरूम खदान भाठागांव कापसी के पास नहर पुलिया के पास बैठ गया और छोटा भाई मोटर साइकिल को ढ़केलते हुए घर चला गया। लगभग 2:15 बजे शराब भट्ठी जामगांव तरफसे एक स्कूटी में तीन लोग आएए उसमें से दो लड़के उतरकर आहत के पास आये और एक लड़का स्कूटी चालू कर बैठा था। एक लड़का आहत के हाथ से इनफिनिक्स कम्पनी का मोबाइल को लूटने लगा। आहत ने विरोध किया तो दूसरा लड़का पीछे से आहत का हाथ पकड़ लिया जो लड़का मोबाइल लूटने की कोशिश कर रहा था। वह अपने पेंट के जेब से चाकू जैसे धारदार हथियार निकालकर आहत केपेट में और बायें तरफकमर के ऊपर चाकू से प्राण घातक हमला किया। आहत के हाथ से मोबाइल और आहत के शर्ट के जेब से दो हजार रूपये को लूट लिये । उसके बाद तीनो लड़के गाड़ी में बैठकर झीट तरफभाग गये। एक लड़के से लिफ्ट लेकर उसके मोटर साइकिल मे बैठकर झीट तक आया और झीट से पैदल घर गया। घटना के बारे में पत्नी किरण कोल को बताया थोड़ी देर बाद ठेकेदार उमेश प्रजापति और उसका साथी पूरन साहू प्रार्थी को मोटर साइकिल में बिठाकर झीट अस्पताल लेकर गये। वहां से रिफर करने पर आहत को मेकाहारा अस्पताल रायपुर लेकर आये उपचार के लिए भर्ती किये। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज किया। विवेचना के दौरान आरोपी नोहर लाल सोनकर उर्फ नितीन 23 वर्ष निवासी ग्राम मुडरा थाना मुजगहन जिला रायपुर तथा राजू सिन्हा उर्फबाबू सिन्हा 23 वर्ष निवासी शीतला चौक भाठागांव जिला रायपुरए को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त कैंचीए स्कूटी मोपेड और लूटे गए मोबाइल एवं 2000 रूपये नगदी को बरामद किया है। इस प्रकरण में आरोपियों के सहयोगी चन्दू ध्रुव फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है ।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 1 जून।** भिलाई होटल में बुलाकर युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पद्मनाभपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 127, 351 (3), 62, 64, 66, 87 के तहत अपराध दर्ज किया था पुलिस के मुताबिक 23 मई की रात प्रार्थी को आरोपी ने बहाने से उसे होटल ले गया इसके बाद उसे अपने झांसे में लेकर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा इस पर युवती ने युवक के खिलाफ थाने मे शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे कहा कि होटल में उसकी सहेली इंतजार कर रही है उसके साथ चल आरोपी पर विश्वास करके पीड़िता उसके साथ होटल के कमरे में चली गई। इसके बाद आरोपी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी वहां से भाग निकला था शिकायत दर्ज करते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी छवि बाघ उर्फ अनीष बाघ (21 साल ) निवासी रायपुर नाका थाना पद्मनाभपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था ।

### नशीली टेबलेट बेचने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 1 जून।** भिलाई एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के तहत नशीली टेबलेट अवैध रूप से बिक्री करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल टेबलेट 319 नग एवं बिक्री रकम 700 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में धारा 22 (ख)27 (क)एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सूचना मिलने पर लूक एण्ड साइन फैमिली सेलून के पास कातुलबोर्ड के पास मुखबीर के बताए हुलिया के अनुसार व्यक्तियों की पहचान कर घेरा बंदी करते हुए आरोपी संतोष चंद्राकर 43 वर्ष निवासी वार्ड नं.24 सिन्धी कालोनी दुर्ग सोमनाथ पाण्डेय 24 वर्ष निवासी वार्ड नं. 59 हरि नगर दुर्ग, लिंगराज उर्फसोनू यादव 23 वर्ष निवासी वार्ड न. 59 हरि नगर दुर्ग व मनीषा मखीजा 38 वर्ष निवासी वार्ड नंण् 10 शंकर नगर दुर्ग को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ किए जाने पर आरोपी मनीषा माखीजा के एकाउंट में रकम ट्रांसफर करना बताए।

आरोपियों की तलाशी में उनके कब्जे से एक्टीवाए स्पा.ट्रेनकन प्लसए नशीली प्रतिबंधित कैप्सूल कुल 35 स्ट्रीप में 274 नग कैप्सूल रेपरए स्ट्रीप नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट कुल 45 नग बिक्री से प्राप्त नगदी रकम 700 रुपए विभिन्न कम्पनी के मोबाइल जब्त किया है ।

# महिला सशक्तिकरण,न्याय और सेवा का प्रतीक रहीं महारानी अहिल्या बाई होल्कर:विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 1 जून।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के ग्राम राजानवागांव और लालपुर में आयोजित महारानी अहिल्या बाई होलकर जी की 300वीं जयंती समारोह में भाग लेकर इस ऐतिहासिक अवसर को गरिमा प्रदान की। उन्होंने पाली समाज द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में सहभागिता कर महारानी अहिल्या बाई होलकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके जीवन, कर्तव्य और सेवाभाव को स्मरण करते हुए समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।ग्राम राजानवागांव में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पाली समाज के सामाजिक उत्थान हेतु 6.5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने विधायक निधि से 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करते हुए बाजार शेड निर्माण की घोषणा भी की, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बेहतर संरचना उपलब्ध हो सकेगी।

इसी क्रम में वे ग्राम लालपुर पहुंचे, जहां पाली समाज द्वारा जिला स्तरीय भव्य आयोजन किया गया था। यहां उन्होंने पाली समाज के लिए नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया और ग्रामवासियों को इसकी सौगात दी। उन्होंने भवन परिसर में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 3.5 लाख रुपए और बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए की घोषणा की, जिससे सामाजिक स्थलों की सुविधा और सुरक्षा में वृद्धि हो सकेगी।समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी विलक्षण महिला शासिका थीं, जिन्होंने अपने न्यायप्रिय, धर्मपरायण और लोकसेवी शासन के माध्यम से जनमानस के हृदय में स्थायी स्थान बना लिया। उनका सम्पूर्ण जीवन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक दक्षता का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने न केवल मालवा राज्य का कुशलतापूर्वक संचालन किया, बल्कि देशभर में मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं के निर्माण के माध्यम से धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर जी की सेवा भावना, नीति-निर्णय और जनकल्याण की दृष्टि आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका जीवन दर्शाता है कि शासन और समाज सेवा में महिलाओं की भूमिका कितनी सशक्त और निर्णायक हो सकती है। उन्होंने पाली समाज द्वारा आयोजित इस तरह के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समारोह हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हैं। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महारानी के जीवन, संघर्ष और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशस्त्री पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामनाएं की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने युवाओं से नशा और मादक पदार्थों से दूर रहते हुए शिक्षा, सेवा और संस्कृति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू, विजय पटेल, सहित पाली समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना से 10 लाख की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद, कबाड़ व्यवसायी पर भी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 1 जून।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी पोंडी उप निरीक्षक विमल लवानिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा भोरमदेव शक्कर कारखाना से हुई बड़ी चोरी की घटना का त्वरित खुलासा किया गया है। शक्कर कारखाना से दो नग हार्ड वाटर पंप (पीएसपी कंपनी) तथा एक नग मदर एंड प्लाट कंपनी का पानी पंप, कुल अनुमानित मूल्य 10 लाख रुपये, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना पर संदेही अर्जुन राजपूत को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि यह चोरी उसने अपने साथी अजय टंडन (वर्तमान में फरार) के साथ मिलकर की थी। चोरी का एक पंप मुस्ताकुद्दीन खान उर्फ मन्ना कबाड़ी को 25 रुपये प्रति किलो की दर से 850 रुपये में बेचा गया था। अर्जुन राजपूत की निशानदेही पर दो पंप (पीएसपी और मदर एंड प्लाट कंपनी) को गवाहों के समक्ष बरामद कर जब्त किया गया। इसके साथ ही आरोपी मुस्ताकुद्दीन खान उर्फ मन्ना कबाड़ी निवासी पोंडी को भी गिरफ्तार किया गया है। मुस्ताकुद्दीन खान की दुकान से करीब 1010 किलो अवैध लोहे का कबाड़ जब्त किया गया, जिसके संबंध में वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी अर्जुन राजपूत पिता कालू राजपूत, उम्र 29 वर्ष, निवासी राम्हेपुर कला मुस्ताकुद्दीन खान उर्फ मन्ना कबाड़ी पिता अजबुद्दीन खान, निवासी पोंडी, गिरफ्तार 7 फरार आरोप की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में थाना पोंडी से एएसआई संदीप चौबे एवं टीम एवं तकनीकी विश्लेषण टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वास्थ्य शिविर में 23लोगों की जांच कर दवाई दी



**उतई, 1 जून।** महिमा हॉस्पिटल , महिमा मेडिकल एवं शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर उतई के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 31 मई 2025 को ग्राम महका कला मे निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में 33 मरीज का जांच कर दवाई वितरण किया गया सभी मरीजों का बी पी सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉ.भुपेन्द्र साहू ,डॉ विपुल साहू डॉक्टर आकाश साहू, ललित साहू, लोकेश यादव, रूप नारायण देवांगन, राधेश्याम साहू, वर्षा ,नीता देवांगन, प्रिया धनकर , नेहा नारंग,सरपंच श्री जितेंद्र वर्मा उप सरपंच श्रीमती आरती जोशी ऑपरेटर लोकेंद्र कुमार, पंचगन ओम ठाकुर, गिरजा कोसरे, पदमा ठाकुर एवं अन्य ग्राम वासी उपस्थित थे ।

### सेवानिवृत्ति पर पंप आपरेटर को विदाई दी



**उतई, 1 जून।** नगर पंचायत पाटन में कार्यरत पम्प ऑपरेटर हरिशचंद निर्मलकर के सेवा निवृत्त होने पर नगर पंचायत परिसर में फूल माला पहना कर साल श्री फल एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा उनकी 33 साल की सेवाएं पम्प ऑपरेटर के रूप में दिए जो नगर पंचायत के लिएगर्व की बात है जो हमेशा उनके कार्य की याद दिलाती रहेगी। यह बात सुनकर श्री हरीशचंद निर्मलकर भाव विभोर हो गए।नगर पंचायत के सभी पदाधिकारी अधिकारी कर्मचारियों ने श्री निर्मलकर के सेवानिवृत्त होने पर बधाई प्रेषित किये।श्री निर्मलकर ने अपने कार्य दिनों की बाते को सभी से साझा किए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नप अध्यक्ष योगेश निक्की भाले,उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी,सभापति केवल देवांगन,जितेंद्र निर्मलकर,देवेंद्र ठाकुर,पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन,अन्नपूर्णा पटेल,डॉ बीरेंद्र गुनीराम कौशिक,मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त वर्मा,इंजीनियर अर्जुन निर्मल सहित नगर पंचायत के कर्मचारीगण मौजूद थे।

# आयुक्त ने कार्यशाला में तंबाकू से होने वाले नुकसान से लोगों को किया सावधान



**भिलाई, 1 जून ।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस जिला अस्पताल से लेकर सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया जिसमें अलग-अलग संस्था में विभिन्न तरीके की कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल में कैंप ओरल हेल्थ कैंप, रैली का आयोजन, पोस्टर, रंगोली, चित्रकला, आईईसी वितरण जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नगर निगम भिलाई में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मितानिन प्रशिक्षक, को-ऑर्डिनेट, नगर निगम के सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त राजीव पाण्डेय द्वारा तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी बताया गया साथ में कोटपा एक्ट धारा 4 व धारा 6 ए, बी के बारे मे जानकारी बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान करना प्रतिबंध है व स्कूल के आसपास तम्बाकू उत्पाद की बिक्री प्रतिबंध है। सिविल अस्पताल सुपेला के प्रभारी पीएम सिंह के द्वारा तंबाकू का किस तरह से हमारे स्वास्थ्य व समाज पर दुष्प्रभाव पड़ता है के बारे में जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. श्रवण दनोरिया द्वारा व्यक्ति किस तरह से नशे को छोड़े और स्वस्थ जीवन जीवन जीने के तरीके के बारे में जानकारी दिया गया। डॉ. मुनीष भगत द्वारा तंबाकू की कैसे उत्पत्ति होती है, व्यक्ति किस तरह से उस निकोटिन का आदि होती चल जाता है और उसे निकोटीन के सेवन से कौन-कौन से कैंसर और अन्य बीमारियों के बारे में जानकारी दिया गया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सलाहकार डॉ. सोनल सिंह के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे, काउंसलर ललित कुमार साहू व मुकुंद जंघेल, सोशल वर्कर कविता ताम्रकार और प्रेम सिंह नगर निगम भिलाई से जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखा अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई



**भिलाई, 1 जून ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई माह में कुल 124 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 21 कार्यपालक व 103 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। 31 मई को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर और उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

### पर्यावरण धाम अमेरी के पार्किंग स्थल पर अवैध अतिक्रमण



**पाटन,1 जून।** पर्यावरण धाम अमेरी के पार्किंग स्थल पर अवैध अतिक्रमण की जानकारी मिली है। प्रधान आचार्य रत्नाकर मिश्रा के अनुसार अमेरी के कुछ ग्रामीणों द्वारा, पहले जो खाली जगह थी उसे पर अवैध अतिक्रमण किया गया। उसके पश्चात धीरे-धीरे करके आंगन के बाउंड्री वाल एवं फेंसिंग तार को बढ़ाया जा रहा है, पर्यावरण धाम के पार्किंग स्थल पर ऐसे अवैध अतिक्रमण बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि इस हेतु बहुत जल्द ही राजस्व मंत्री, वनमंत्री, तहसीलदार एवं कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। धाम से जुड़े भक्तों ने बताया कि सरपंचों की शह पर पर्यावरण धाम अमेरी की भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है। वन विभाग बेसुध है। जनदर्शन में सुनवाई नहीं है और नया सरपंच भी दबंगों के दबाव में है। यह मुद्दा, राजनीतिक, अनियमितता सहित प्रशासनिक असफलता से जुड़ा है। पर्यावरण धाम समिति ने हकीकत के धरातल पर सत्य के स्थापना का अनुरोध किया है।

# आयुक्त ने टाउनशिप के जर्जर मकानों को देखा,सर्वे कर बीएसपी को पत्र लिखने के दिए निर्देश



**भिलाई, 1 जून ।** भिलाई स्टील प्लांट क्षेत्र के सेक्टर-6 सेक्टर-7 आदि स्थानों पर जहां पर पुराने जर्जर मकान हैं वह खतरे का संकेत दे रहे हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय विगत दिवस नियमित भ्रमण के दौरान जोन क्रमांक-5 के आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ में दौरा कर रहे थे। देखने में आया कि भिलाई स्टील प्लांट द्वारा लगभग सभी तीन मंजिला के मकान पर लिख दिया गया है कि मकान रहने लायक नहीं है। उसके बाद भी बहुत सारे लोग निवास कर रहे हैं। जबकि मकान एकदम जर्जर स्थिति में है। कभी भी अनहोनी हो सकती है। कुछ लोग अवैध कब्जा करके भी वहां निवास कर रहे हैं।

किसी प्रकार की अनहोनी ना हो पहले से ही सबको हटा दिया जाए। इस परिप्रेक्ष्य में आयुक्त ने जोन आयुक्त को सभी ऐसे मकान का सर्वे करके भिलाई स्टील प्लांट को पत्र लिखने को निर्देशित किए हैं। पत्र की कॉपी से जिला प्रशासन को भी दी जानकारी जाएगी। कुछ ऐसे भी मकान मिले कि नीचे से टूट गए हैं फिर भी लोग छत पर अवैध कब्जा करके रह रहे हैं । निगम के उप अभियंता श्वेता महेश्वर एक हफ्ते के अंदर सभी जर्जर मकान का सर्वे करके निगम आयुक्त को रिपोर्ट को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी । कुछ ऐसे भी मकान मिले जहां पर मजदूरों द्वारा बिना सुरक्षा का ध्यान दिए ईंट, खिड़की निकाला जा रहा था। जब उनसे पूछा गया कि किसके परमिशन से निकाल रहे हो उसने बोला जैन साहब निकलवा रहे हैं। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया यहां पर असामाजिक तत्वों का भी बसेरा रहता है। कुछ लोग बाहर से आकर भी निवास कर रहे हैं। इसका संज्ञान लेना बहुत जरूरी है। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी के वी के सेमुल, प्रभारी सागर दुबे आदि उपस्थित रहे।



### कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 1 जून ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बेहेरा ने फरवरी के लिए जूनियर इंजीनियर प्रहलाद एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट विजय कुमार कसेर को तथा मार्च के लिए जूनियर इंजीनियर राजेश कुमार बेसरा एवं जूनियर इंजीनियर अकील उल्ला खान को कर्म शिरोमणि पुरस्कार का स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### बीएसपी ने खाली कराया अवैध कब्जाधारियों से आवास

**भिलाई, 1 जून ।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग (टीएसडी) के अन्तर्गत प्रवर्तन अनुभाग ने 31 मई को महत्त्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 32 बंगला, सेक्टर-8, भिलाई स्थित बीएसपी आवासीय क्वार्टर क्रमांक 0010, स्ट्रीट एसटीए को अवैध कब्जाधारियों से खाली कराया। प्रवर्तन अभियान की यह प्रक्रिया दोपहर 1 बजे कार्यपालक मजिस्ट्रेट (संपदा न्यायालय) नरसिंह साहू की निगरानी में संपन्न हुई।

### ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन ने शादी के लिए दी 25 हजार की सहायता



**भिलाई, 1 जून ।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा एक बार फिर से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के निर्देशानुसार 30 मई को एसोसिएशन के सदस्य शाहनवाज की बहन समीना खातून के विवाह के लिए 25 हजार रुपए नगद उनके परिवार को सप्रेम भेंट देकर विवाह की अग्रिम बधाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसोसिएशन के संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग, सुधीर सिंह, बलजिंदर सिंह बिल्ला, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, सुनील चौधरी, पंकज सिंह, शाहनवाज कुरैशी, यश सिंह, सोम सिंह, वाजिद अंसारी, ललित मोहन, सुनील शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। गौरतलब रहे कि भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व संगठन से जुड़े ड्राइवर, हेल्पर और मैकेनिक आदि के बहन बेटियों की शादी में 25 हजार रुपए की सहायता प्रदान करने का प्रावधान लागू किया गया है। इसके तहत अब तक अनेक लोगों को सहायता प्रदान की

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान



**भिलाई, 1 जून ।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत महाविद्यालय के अंदर सुरक्षा गार्ड,कार्यालय व अन्य स्टाफ तथा आसपास निर्माण कार्य में लगे हुए राजमिस्त्री व श्रमिक तथा पान ठेले में विक्रेता से लेकर तंबाकू उत्पाद के सेवन करने वाले को इस हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया। ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने बताया की इस तंबाकू सेवन से प्रतिदिन भारत में 2200 तम्बाकू सेवकों की मौत हो रही है यह आंकड़ा एक डरने वाला आंकड़ा है और न जाने कितने हजार लोग कैंसर से पीड़ित है जिनके चेहरे व गले को एक सामान्य व्यक्ति एक मिनट भी लगातार देखने में डर जाता है,

# बारिश के पहले शहर के सार्वजनिक कुओं की होगी सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 जून।** ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ से ही भू-जल स्तर कम होने के कारण जल संकट की स्थिति निर्मित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखकर मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट से सील्ट निकालने की कार्यवाही की गयी और इसी कडी में नगर निगम द्वारा शहर के सार्वजनिक कुँओ की सफाई करने का बीडा उठाया तथा महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्रक्रिया कर प्रथम चरण में 15 कुँओ की सफाई करने विधिवत कार्यादेश जारी किया। जिसके परिणाम स्वरूप निगम सीमाक्षेत्र के कुओ की सफाई प्रारंभ हो गई। कुँआ सफाई का जायजा लेकर महापौर यादव ने सभी कुँओ से सील्ट निकाल कर अच्छे तरीके से सफाई करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गर्मी के प्रारंभ से ही भू-जल स्तर तेजी से गिरा है, जिसके परिणाम स्वरूप शिवनाथ नदी के जल स्तर में भी कमी आई और शहर में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए महापौर यादव के नेतृत्व एवं आयुक्त विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शिवनाथ नदी एनीकट का जल स्तर बढाने सील्ट निकाला गया और मटियामोती व मोगरा जलाशय से पानी लेकर दो दिन में तीन समय पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शहर के कुँआ की लंबे समय से सफाई नही होने के कारण उसका उपयोग नही हो रहा था जिसे संज्ञान में लेकर महापौर यादव ने कुँआ सफाई के लिए प्रक्रिया करने कहा और उनके निर्देश पर शहर के कुँओ की सफाई चालू की गयी।

निगम सीमाक्षेत्र में 61 सार्वजनिक कुँए है जिनमे से प्रथम चरण में 15 कुँओ की सफाई की जा रही है, ताकि कुँआ के पानी का जल स्त्रोत बढे और निस्तारी योग्य बने। विगत एक सप्ताह से कुँओ की सफाई की जा रही है, जिसके तहत मोतीपुर बरबट्टी कुँआ, वार्ड नं. 11 के मजार गली व आम्बेडकर मूर्ति के पास का कुँआ तथा वार्ड नं. 12 में बुद्ध मूर्ति के पीछे व स्टेशन रोड कुँआ की सफाई की गयी। वर्तमान में ढाबा के कुँआ और गांधी चौक कुँआ की सफाई दो दिनो से की जा रही है। सभी 15 कुँओ की सफाई बारिश के पूर्व की जावेगी, ताकि जल स्त्रोत खुलकर बारिश में पानी संग्रहण बढेगा।

महापौर मधुसूदन यादव स्वयं कुँआ सफाई का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। कल उनके द्वारा गांधी चौक कुँआ सफाई का निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद शैकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन लाला के साथ जायजा लेकर संबंधित से कहा कि सभी कुँआ से सील्ट भी निकाले और अच्छी तरह से साफ करना सुनिश्चित करे। सफाई के पश्चात भी यदि आंधी तुफान से पेड के पत्ते या कचरा आदि गिरने से उसे भी साफ करते जाए। उन्होंने अधिकारियो से भी कहा कि जिस क्षेत्र का कुँआ सफाई हो वहा मानिटरिंग करे और संबंधित पार्षद को भी सूचित करे।

■ महापौर ने गांधी चौक कुआं सफाई का निरीक्षण कर सभी कुओं से सील्ट निकालने के दिए निर्देश

■ यादव ने शहर के तालाबों व कुंओं का संरक्षण, संवर्धन करने एवं साफ रखने की नागरिकों से की अपील



### 'तालाबों और कुंओं को साफ रखना हमारी जवाबदारी'

महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिको से अपील की है कि कुँआ, तालाब हमारे पुरातत्व धरोहर है, इसका संवर्धन संरक्षण के अलावा इसको साफ रखना हमारी जवाबदारी है। अतः सभी कुँआ तालाबो को साफ सुथरा रखना है, इसमे कचरा गंदगी नही डालना है और लोगो को कचरा डालने मना करना है।

## रेलवे बुकिंग आफिस के पीछे पेड़ पर फंदे में लटकी मिली युवक की लाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 1 जून।** पुराने रेलवे बुकिंग आफिस के पीछे झाड़ पर अज्ञात युवक की लाश पाए जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुँचकर पेड़ पर लटके लाश को उतारकर जाँच पड़ताल करने पर मृतक के पास एक लिखित पर्ची बरामद की गई है जिसपे अज्ञात युवक का नाम पिंटू देवांगन बताया जा रहा है व पिताजी का नाम रामगुलाल देवांगन व माता का सौहद्र देवांगन जिला कांकेर ग्राम चारआमा उल्लेख किया गया है इसके आधार पर पुलिस इसकी सूचना संबंधित थाने को दी गई है और मृतक के शव को मरचुरी रखा गया है. परिजनों के आ जाने के बाद पुलिस की आगे की जाँच की जायेगी परंतु घटना स्थल पर लटकी हुई लाश की स्थिति कुछ और बयां कर रही है. पर्ची पर उल्लेख से आत्महत्या का मामला माना जा रहा है किंतु मृतक के लटके शव की स्थिति देखने से किसी और ओर इशारा कर रहा. फांसी पर लटके युवक का पैर जमीन पर टिका हुआ था व आसपास पत्थर के बड़े बड़े टुकड़े पड़े हुए थे उससे यह संदेह उत्पन्न हो रहा है कि कहीं युवक के साथ कोई अनहोनी कर पुलिस का ध्यान भटकाने को लेकर लाश झाड़ से कहीं लटका तो नहीं दिया गया है? इसका पूरा खुलासा परिजनों के बयाँन व पुलिस की जाँच पड़ताल के बाद ही हो पायेगा परंतु पुलिस प्रथम दृष्ट्या इसे आत्महत्त्या का मामला मान रही है. युवक की लाश पेड़ पर लटके पाए जाने से रेलवे चौक व कालोनी के क्षेत्र में रहने वाले रहवासियो में दहशत का माहौल व्याप्त है.

## एक नजर

### युक्तियुक्तकरण से वनांचल इलाके के बच्चे शिक्षा से हो जाएंगे वंचित : साहू

**छुरिया, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार की शराब नीति की कड़ी आलोचना की है।चुम्मन साहू ने कहा कि नयुक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने और निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने की साजिश सरकार रच रही है। पूरे प्रदेश में शराब की नई दुकानें खोलकर प्रदेश के बच्चों, किशोर, युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने का काम भी किया जा रहा है।चुम्मन साहू ने कहा कि प्रदेश के वनांचल क्षेत्रों के छोटे-छोटे गांवों की आबादी बहुत कम होती है। उन ग्रामों के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या कम रहती है। राजनांदगांव जिला कई ग्राम ऐसे हैं, जो घने जंगलों के बीच बसे है। इन गांवों में प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहे हैं। दर्ज संख्या गांव की आबादी के हिसाब से बहुत कम है।युक्तियुक्तकरण के क्राइटेरिया के तहत इन स्कूलों को बंद किया जा सकता है। ऐसे में वनांचल क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। पहली से पाँचवीं तक के बच्चों की उम्र 6 से 11 वर्ष के बीच होती है। इतने छोटे बच्चों को गांव से 3-4 किमी दूर जंगलों से गुजरकर दूसरे गांवों में भेजना खतरनाक हो सकता है।



### भाजपा राज में आतंकवाद व नक्सलवाद दोनों को होगा समूल नाश : शिव वर्मा

**राजनांदगांव, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम के वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने देश में वामपंथी उग्रवाद और पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के मसले पर कहा कि भाजपा सहित राजक सरकार के रहते इन दोनों का समूलनस नांस होना तय है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह के रहते संभव हो भी रहा है। देश की जनता अच्छी तरह जानती है कि कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को पकड़ा तो जाता था। लेकिन उन्हें जेल में सजा नहीं दी जाती थी उल्टे उन्हें बिरयानी खिलाकर पुस्ट किया जाता था। भाजपा के शासन में आतंकवादियों को बी फॉर बिरियानी नहीं बी फॉर बम खाने को मिल रहा है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के नक्सलियों को कांग्रेस शासन काल में बी फॉर बकरा भात खाने को मिलता था लेकिन भाजपा के शासनकाल में माओवादीयों यानी नक्सलियों को बी फॉर बुलेट खिलाया जा रहा है। पूर्व निगम अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा ने आगे कहा कि मोदी है तो मुमकिन है यह झूठा जुमला बिल्कुल नहीं है जिस तरह से कांग्रेसी भाजपा की कार्य शैली का जवाब तर्क से नहीं तालियों से देती है। उस कांग्रेस को जनता कब की नकार चुकी है। भाजपा और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने और यहां छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार को जनता की ही तो सोते हुए नींद भी नहीं आती है।



कृषक उन्नति योजनाः विस अध्यक्ष ने 27 लाख 37 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# किसानों के जीवन में आ रहा परिवर्तन : रमन

■ पंचायत के विकास के लिए सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की दी स्वीकृति

■ विस अध्यक्ष अचानकपुर भाटापारा में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 जून।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अचानकपुर भाटापारा में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 27 लाख 37 हजार रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्रामीणों को नया ग्राम पंचायत बनने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास प्राधिकरण अंतर्गत 5 लाख रूपए की लागत के सामुदायिक भवन एवं जिला खनिज न्याय, 15 वित्त, मनरेगा अंतर्गत 9 लाख 30 हजार रूपए की लागत के खाद्यान्न भंडारण गोदाम भवन, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत 8 लाख 7 हजार रूपए की लागत के अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण तथा मुख्यमंत्री समग्र योजना अंतर्गत 5 लाख रूपए की लागत के अटल डिजिटल सेवा केन्द्र का भूमिपूजन किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पंचायत के विकास के लिए सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए तत्काल 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विगत डेढ़ वर्षों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने बहुत अच्छा कार्य किया है। प्रदेश में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही दो वर्ष के बोनस की राशि भी किसानों को भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानहितैषी ऐसी योजना किसी अन्य राज्य में नहीं है। सरकार द्वारा आगे भी योजना के तहत किसानों से धान खरीदी लगातार की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किसानों के लिए कृषक उन्नति योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। कृषक उन्नति योजना से किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में 70 लाख महिलाओं को एक हजार रूपए प्रति माह दिया जा रहा है। ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार पूरी जवाबदारी के साथ छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्य कर रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह हर गांव एवं क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में आज प्रदेश विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन से गांव और क्षेत्र में किसी प्रकार के विकास में कमी नहीं आएगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू ने भी संबोधित किया। स्वागत उद्बोधन सरपंच प्रेमचंद साहू ने दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, सौरभ कोठारी, शिव वर्मा, पूर्णिमा साहू, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, दीपक वैष्णव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से बिजली का बिल शत-प्रतिशत होगा कम : विधानसभा अध्यक्ष



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रदेश के 5 लाख घरों में बिजली के लिए सोलर प्लांट लगाने की योजना है। इससे आपके घरों की छत पर बिजली बनाने की योजना से लाभ मिलेगा। बिजली का बिल शत-प्रतिशत कम हो जाएगा। एक से तीन किलोवॉट तक सोलर प्लांट लगाने के लिए केन्द्र सरकार ने 30 हजार से 78 हजार रूपए तक एवं हाल ही में वर्ष 2025-26 के बजट में छत्तीसगढ़ सरकार ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 217 करोड़ रूपए सब्सिडी हेतु बजट में शामिल किया है। तकनीकी रूप से 3 किलोवॉट के सोलर प्लॉण्ट में हर माह 300 यूनिट की बिजली का उत्पादन होगा। चार वर्ष में इस सोलर प्लांट की कीमत निःशुल्क हो जाएगी। सोलर प्लांट के माध्यम से कालोनी को ऊर्जीकृत व्यवस्था से जोड़ सकते है। कार्यशाला तथा विभागीय स्टॉल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जनसामान्य इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए लगाए गए विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया।

**3 किलोवाट से अधिक क्षमता का सोलर प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रुपए तक अनुदान का प्रावधान**

कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत आज यहां विभागीय स्टॉल में जानकारी दी गई है। नागरिक यहां से योजना के संबंध में पूर्ण जानकारी ले सकते है। सोलर प्लांट लगाने से बिजली का बिल शून्य हो जाता है।

### अयोध्या में नॉनवेज पर प्रतिबंध, राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं : जैन

**राजनांदगांव, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि राम की जन्मभूमि अयोध्या में मांसाहार के नॉनवेज पर पूरी तरह प्रतिबंध लग गया है। चुकि छत्तीसगढ़ी भगवान राम का ननिहाल है तो यहां सनातन की दुहाई देने वाली सत्ता सीन भाजपा नॉनवेज पर पूर्ण प्रतिबंध क्यों नहीं लगा सकती। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शराबखोरी और मांसाहार का चलन बढ़ता जा रहा है जब कि ये वस्तुएं सनातन धर्म में त्याज्या है। जैन ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार जब भी छत्तीसगढ़ में कोई पूर्ण प्रतिबंध लगाती है। तो सिर्फ कागजी कार्यवाही बनकर रह जाती है। पूर्व में डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब धर्म नगरी डोंगरगढ़ में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन धर्म नगरी में इस प्रतिबंध का असर क्यों नहीं पड़ा वहां आज भी शराब की अवैध बिक्री जमकर हो रही है। जर्दा पाउच पर भी छत्तीसगढ़ में पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था वह भी आज तक निश प्रभावित रहा। उन्होंने ने कहा कि नॉनवेज पर प्रतिबंध पूरे छत्तीसगढ़ में लगना चाहिए। क्योंकि यह भगवान यहां भगवान राम 14 वर्ष तक वनवास काटा जंगल जंगल बिना पादुका के भ्रमण किया उनके चरण रस यहां की धरा अति पावन हो गई है। जहां नॉनवेज और नशाखोरी को बढ़ावा मिलने जा रहा है दरअसल इन चीजों से सरकार को बहुत अधिक राजस्व मिल जाता है।



# निगम के 5 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 जून।** नगर निगम के सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में राजस्व विभाग में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत देवकुमार निर्वाणी, व शिवराम यादव, जल विभाग में लाईनमेन के पद पर कार्यरत भागीरथी साहू, स्वास्थ्य विभाग में सफाई कामगार के पद पर कार्यरत बुधियारिन बाई व राधाबाई बासफोड तथा लोककर्म विभाग में मजूदर के पद पर कार्यरत पुसई बाई व कन्नाबाई बंजारे को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि आज हमारे निगम परिवार के 5 सदस्य अपना सेवाकाल पूर्ण कर शासन नियमो के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है। हमारे जीवन का बहुमूल्य समय हम सेवा मे देते है, जिसके कारण पारिवारिक कार्य और दायित्वो से भी दूर होना पडता है, आप लोगो ने कुशलता व ईमानदारी से अपने कार्यो को निभाया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सबको संतुष्ट करना कठिन है, फिर भी जनता से सीधे जुडे विभाग मे आपने बेदाग काम किया, जो अनुकरणीय है। अब आप अपना शेष सुखमय जीवन पारिवार के साथ व्यतीत करे और अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करे, इसके लिए मैं आप लोगो को शुभकामनाए देता हूँ। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियो के परिवार के सदस्यो का भी बडी संख्या में उपस्थिति पर आभार व्यक्त किया।



# एसपी ने थाना प्रभारियों की ली बैठक

## शहर में शांति बनाये रखने के लिए अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 जून।** 31 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में मोहित गर्ग द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं शहरी क्षेत्र के थाना प्रभारियों की मीटिंग ली गई जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि एम.सी.पी. लगाकर वाहनों की लगातार चेकिंग की जावे, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब आदि तस्करी के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करें, प्रतिदिन थाना प्रभारी स्वयं अपने अपने क्षेत्र में गस्त करें, अपराध नियंत्रण हेतु बाजार हाट, गली मोहल्लों, कॉलोनियों में रात्रि गश्त बढ़ाये और प्रातः 4 से 7 बजे तक उद्यानों में जहां नागरिक प्रातःभ्रमण के लिये जाते है और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की उपस्थिति हो तथा संदिग्धों की चेकिंग की जावे, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश आदि को चेक करें तथा नये गुण्डा बदमाश चिन्हित कर उनका नाम सूचि में खोले। धारदार हथियार रखने वाले व चाकूबाजों को चिन्हित कर उनपर कार्यवाही करना सुनिश्चित करने दिये निर्देश। सभी राजपत्रित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थाना स्टाफ को मोनिटर करें।



सुशासन तिहार का अंतिम शिविर मोहारा में नशा मुक्ति के लिए दिलाई गई शपथ

# महापौर ने हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन, श्रम व ड्राइविंग लायसेंस का किया वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 जून।** सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनो का समाधान बताने निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो के लिए 10 स्थानों पर 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर के अंतिम कडी में आज मोहारा में ग्रामीण वार्ड मोहारा, सिंगदई, मोहड व हल्दी के लिए आयोजित शिविर में अपनी समस्या का समाधान जानने वार्डवासियों में उत्साह था और बडी संख्या में उपस्थित होकर उन्होंने समाधान जान शासन की योजना का लाभ लिया। आज के शिविर में महापौर मधुसूदन यादव शामिल होकर बडी संख्या में उपस्थिति के लिए वार्डवासियों तथा सभी शिविर के सफल आयोजन के लिए जनप्रतिनिधियो, नागरिको, वार्डवासियो, पत्रकार बंधुओ एवं अधिकारियो व कर्मचारियो का आभार व्यक्त किया।

**3 ग्रामीण वार्डों के लिए आयोजित शिविर में समाधान जानने उमडी भीड़**

**60 व 70 वर्ष से अधिक उम्र के डेरहा राम, मीरा बाई, रमला बाई एवं रेखा बाई ने समाधान शिविर का लाभ लेकर शासन को दिया धन्यवाद**



महापौर यादव ने कहा कि सरकार ने जिस सोच के साथ सुशासन तिहार का आयोजन किया उसका अच्छा प्रतिसात मिला और नागरिको ने चाहे गॉव हो या शहर अपने समस्या संबंधी आवेदन लगा उसका समाधान जानने तथा शासन की योजना का लाभ लेने उत्साह से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि निर्माण एवं अन्य ऐसी समस्या जिसका आवेदन आया है उसका भी प्राथमिकता से अतिशीघ्र निराकरण किया जाऐगा, तभी सुशासन तिहार सार्थक होगी।

आज के शिविर में सिंदई की 72 वर्षीय रमला बाई तथा सिविल लाईन की 78 वर्षीय रेखा बाई ने समाधान शिविर आयोजन के लिए सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि बिना बार बार चक्कर काटे अपने वार्ड में ही आयुष्मान कार्ड बनकर मिला जिससे मै अपने बीमारी का ईलाज 5 लाख रूपये तक निःशुल्क करा सकती हूॅ। इसी प्रकार मोहारा के 60 वर्षीय डेहरा राम एवं 61 वर्षीय मीरा बाई ने भी कहा कि बीमारी का ईलाज कराने में असमर्थ थे, लेकिन घर के पास मे ही शिविर में डॉक्टर से बिना पैसा जॉच कराकर दवा लिए जो हमारे लिए बहुत बडा काम है। उन्होंने समाधान शिविर लगाने सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किए। आज के अतिम शिविर में महापौर सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष व वार्ड पार्षद मुकेश साहू, वार्ड पार्षद चंदकृत साहू, पूर्व पार्षद अरूण देवांगन व राकेश रावटे ने वार्डवासियो को आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राईविंग लायसेस का वितरण किया और स्टालो का अवलोकन कर गर्भवति महिलाओ को सुपोषण कीट देकर नवजात शिशुओ का अन्न प्रासन कराया। महापौर यादव ने आज 31 मई ध्रुमपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थितजनो को विकसित राज्य बनाने अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियो में नशापान के दुष्परिणामो को प्रचारित कर तथा यथा संभव नशा पीड़ितो से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हे नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने संकल्प दिलाई।

## सुशासन तिहार में आवेदन करने के बाद भी टेकराम को नहीं मिला दिव्यांगता का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 1 जून।** छत्तीसगढ़ में हर तरफ सुशासन त्यौहार की गूंज सुनाई दे रहा है, और कहा जा रहा है कि इस त्यौहार में प्रत्येक व्यक्तियों के समस्याओं का समाधान शिविर में हो रहा है। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं हो रहा है, ये बात हम ऐसे ही नहीं कह रहे हैं, बल्कि हकीकत में जरूरत मंद लोगों को सुविधाएं नहीं मिल रहा है। ऐसे ही हितग्राही टेकराम सलामे जब रास्ते में अपने साइकिल से गुजर रहे थे तो हमारे संवाददाता ने ट्राई सायकल के विषय में बात किया तो उन्होंने बताया कि महाराजपुर में जब सुशासन शिविर लगा था उसमें ट्राई सायकल के लिए आवेदन दिया था लेकिन वहां उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया। उनका कसूर सिर्फ इतना था कि वो गरीब है। क्योंकि सुशासन त्यौहार गरीबों का नहीं है बल्कि उन नेताओं और बड़े लोगों के लिए है जिनके लिए बड़े बड़े मंच सजते हैं।



**मात्र 500 सौ रुपए महीने के पेंशन से अपना गुजारा करते है टेकराम सलामेः** एक तरफ पूरी दुनियां में भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था की ताल ठोक रहा है लेकिन टेकराम सलामे जैसे लाखों गरीब और असहाय लोग मात्र 500 रुपए महीने के पेंशन से आज भी गुजारा करते हैं। वो चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था क्या काम का जो गरीब और दिव्यांग टेकराम जैसे लाखों लोग आज भी अपने हक के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं।

## संपादकीय

## सीडीएस सेना की उपलब्धि बता रहे

देश कोई बड़ा काम करता है,देश की सेना कोई बड़ा काम करती है तो उसके लिए उसकी उपलब्धि अहम होती है कि उसने हासिल किया है। वह पाजीटिव सोचती है कि उसके लिए यह कोई मायने नहीं रखता है कि उसे नुकसान क्या क्या हुआ है,उसके लिए सबसे अहम होता है कि हमने जो लक्ष्य तय किया था,वह हमने हासिल किया या नहीं किया। देश और सेना ने अपना तय लक्ष्य हासिल किया है तो उसके लिए वही सबसे ज्यादा अहम होता है, देश के लिए वही सबसे ज्यादा अहम होता है,देश की सरकार के लिए वही सबसे ज्यादा अहम होता है, देश की जनता के लिए वही सबसे ज्यादा अहम होता है। ज्यादातर देशों में जब देश कोई उपलब्धि हासिल करता है तो उस पर कोई राजनीति नहीं होती है, सब खुश होते हैं हमारे देश ने यह उपलब्धि हासिल है। ज्यादातर देशों में कुछ चीजें राजनीति से परे होती हैं लेकिन हमारे देश में ऐसा विपक्ष है और कुछ ऐसे विपक्षी नेता हैं जो किसी भी घटना को, उपलब्धि को राजनीति से परे नहीं मानते हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ऐसे ही नेता है। जब देश की सेना इस बात की खुशी मना रही थी कि उसने देश ने जो लक्ष्य तय किया,उसे उसने बखूबी कम नुकसान उठाकर हासिल कर लिया है। जब सरकार व जनता भी इस बात बहुत खुश थी कि देश की सेना ने पहलगाम की घटना के विरोध में पाकिस्तान स्थित आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया है।तब राहुल गांधी इस बात से खुश नहीं होते हैं। वह दिल से खुश हुए होते तो यह नहीं पूछते कि हमारे कितने विमान गिरे हैं। हमें नुकसान क्या हुआ है। वह खुश होते तो आतंकियों के ठिकानों पर हुए हमले पर उसी तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त करते जैसे देश की जनता व्यक्त कर रही थी, सरकार व्यक्त कर रही थी,जनता व्यक्त कर रही थी। भारत की तरफ से कहा भी गया कि सैन्य संघर्ष होता है तो नुकसान होना स्वाभाविक है। ऐसा नहीं है कि सेना ने नहीं स्वीकारा कि सेना को नुकसान ही नहीं हुआ है, सेना ने नुकसान की बात को स्वीकारा और कहा कि हमारे लिए यह मायने रखता है कि हमारा जो काम था, वह हमने ठीक से किया या नहीं किया। अगर वह काम सफल हो गया है तो नुकसान कोई मायने नही रखता है। सेना के बयान से भी राहुल गांधी संतुष्ट नहीं हुए, उनका जोर था कि सेना या सरकार बताए कि आपरेशन सिंदूर में सेना या देश को क्या नुकसान हुआ है, विमान गिरे हैं तो कितने गिरे हैं। विमान गिरने की बात देश की तरफ से किसी ने कहा है कि भारत के विमान गिरे हैं। सबसे पहले पाकिस्तान की तरफ से यह झूठ फैलाया गया कि उसने भारत के 6 विमान मार गिराए हैं, उसमें चार राफेल हैं। पाकिस्तान के झूठ का जबाव देना जरूरी था, इसलिए सीडीएस की तरफ से कहा गया कि पाकिस्तान झूठ कह रहा है, भारत के 6 विमान नहीं गिरे हैं।सीडीएस ने साक्षात्कार में जो कहा उसे समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो महत्वपूर्ण है वह यह नहीं है कि जेट नीचे गिरा,बल्कि वह क्यों नीचे गिरा,इसके बाद हमने क्या किया यह हमारे लिए ज्यादा जरूरी है। पहले दिन हवाई क्षेत्र में रणनीतिक क्षति हुई है,लेकिन हमने तेजी से सुधार किया। सीडीएस सेना के अधिकारी है, इसलिए वह सेना के अधिकारी के हिसाब से कह रहे हैं कि गलती हुई यह अहम नहीं है, हमने गलती को सुधार लिया यह अहम है। वह सेना के अधिकारी है,इसलिए उनके लिए नुकसान ज्यादा मायने नहीं रखता है, उस नुकसान क्या सीखा, क्या सुधार किया ताकि आगे कोई गलती न हो यह महत्वपूर्ण है। वह देश के नेता राहुल गांधी सहित कई नेता जो विमान गिरने पर राजनीति कर रहे हैं, से कह रहे हैं कि नुकसान को मत देखो, सेना के रिजल्ट को देखो। लेकिन राहुल गांधी सहित कई नेता नुकसान पर ही अटके हुए है यह साबित करने के लिए वह सच कह रहे थे कि पाकिस्तान के आतंकियों के ठिकानों पर हमले के दौरान भारत की सेना का नुकसान हुआ है, यह सच है। राहुल गांधी यह बताने की कोशिश करते रहे कि सेना को देश को नुकसान हुआ है, उसको सेना छिपा रही है, सरकार छिपा रही है। हकीकत यह है कि भारत की सेना ने कुछ भी छिपाने का प्रयास नहीं किया, उसने उतना ही बताया जितना बताने से पाकिस्तान उसका कोई नैरेटिव बनाकर फायदा न उठा सके। पाकिस्तान को नरैटिव के मामले में, झूठ कहने के मामले में भारत से बहुत आगे था, वह तो हारने के बाद भी कह रहा था कि पाकिस्तान की जीत हुई है। लेकिन उसके झूठ की पोल तब खुल जाती है जब सैन्य कार्रवाई रोकने का भारत से आग्रह करता है। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ कि जीतने वाला देश सैन्य कार्रवाई रोकने की पहले करे। आज तक हारने वाला देश, ज्यादा नुकसान उठाने वाला देश ही सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए कहता है। पाकिस्तान ने आग्रह किया इससे यह साबित होता है कि जीत भारत की हुई है। सैन्य संघर्ष में कोई जीत बिना नुकसान के हो ही नहीं सकती, इसलिए सेना ने पहले ही स्वीकार कर लिया था, नुकसान हुआ है फिर भी जीत तो भारत की हुई है। जब वाकई युध्द होता है तो जिन देशों के बीच युध्द होता है, वह जो कहते हैं, उसे ही सच मान लिया जाता है। जैसे रुस यूक्रेन युध्द में यही खबर आती है कि हमला किया। नुकसान किया। कोई यह नहीं स्वीकारता है कि उसे नुकसान हुआ, कितना नुकसान हुआ। सीडीएस सही कह रहे है कि युध्द में नुकसान मायने नहीं रखता है, युध्त में रिजल्ट क्या है मायने रखता है। किसी भी देश में युध्द में जीतने पर सबूत नहीं मांगा जाता है। यह नहीं पूछा जाता है कि नुकसान क्या हुआ है, कितना हुआ है। हमारे देश में हर बात पर राजनीति होती है, इसलिए हर सफलता का सबूत मांगा जाता है, यह नहीं देखा जाता है कि देश को फायदा क्या हुआ है,यह पूछा जाता है कि नुकसान क्या हुआ है। अमरीका ने लादेन का पाकिस्तान में घुसकर दस साल बाद मारा तो यह अमरीका बड़ी सफलता मानी गई, अमरीका के लोगों ने इसे बड़ी सफलता कहा कि दस साल बाद सही लादेन को मारा तो सही। अमरीका ने किसी ने सरकार से सबूत नहीं मांगा। सरकार की बात पर,सेना की बात पर यकीन कर लिया गया क्योंकि यह राजनीति का विषय नहीं था, हमारे देश में राजनीति सेना के मामले में सबसे ज्यादा की जाती है, सरकार को असफल बताने के लिए सेना को भी असफल बताने से कुछ लोग चूकते नहीं है।

महामारी

# कोरोना फिर हुआ बेकाबू

**ऋतुपर्ण दवे**




कोरोना की रफ्तार फिर पहले सरीखे गति पकड़ रही है। देश-दुनिया में चिंता है। भारत मेंहर दिन नई-नई आती सूचनाएं डरा रही हैं। उंगलियों पर गिने जाने वाले आंकड़े हफ्ते भर में ही हजारों में पहुंच गए। मरने वालों की संख्या में भी हो रही वृध्दि अलग डराती है। कहां 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। इस रविवार सुबह तक यह आंकड़े 3395 पार गए हैं। मरने वालों की संख्या भी हर रोज बढ़ रही है।सबसे ज्यादा केरल में 1336 सक्रिय मामले हैं।वहीं इससे होने वाली मौतों की शुरुआत भी हो चुकी है जो अभी बहुत ही कम है। लेकिन एक दिन में 685 मामले दर्ज होना, बड़ा इशारा है।महाराष्ट्र में 467 दिल्ली में 375 गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 मामले आए हैं।हांगकांग और सिंगापुर में यह बहुत तेजी से फैलते कोरोना ने भारत में जिस तरह पैर पसारा वो चिंतनीय है।इसके नए वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है जो पहली बार अगस्त 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठनने इसे दिसंबर 2023 में ही 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर साफ किया था कि यह ओमीक्रॉन बी.ए.2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एल.एफ.7 और एन.बी.1.8 की संख्या ज्यादा थी। कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में कुछज्यादा ही असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ने के बाद अब भारत में रफ्तार पकड़ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका कारणलोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावनाओं से इंकार नहीं है।

इतना तो लगने लगा है कि सप्ताह भर में ही बढ़े संक्रमण के मामलों में जो उछाल आया है वोचिंताजनक है। चीन से भी छन-छनकर जो निकल रहा है उससे इतना तो पता चल गया कि वहां भी बीते एक महीने में कोरोना के मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन दुनिया को कोरोना देकर भी छुपाने और तबाही की कगार पर पहुंचाने के बाद चीन से जितने सच सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा।

इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वो ज्यादा हैं जो या तो कोमर्बिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं।इसमेंप्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियाँ होती हैं जिसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोर्बिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं।लेकिन प्रभावित हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वालों बुजुर्गों, कोमोर्बिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है।

केरल के बाद महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में भी कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। उधर अबहॉन्गकॉन्ग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का वो बयान सामने है जिसमें उन्होंने माना किकोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने कीसंख्या अभी साल के महज पाँचवें महीने में हीउच्च स्तर पर पहुंच गई थी। जबकि चीन में श्वांस संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड



वायरस पाए जाने के मामले दोगुने होनाचिंताजनक है।लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज भी हो सकती है।चीन, थाईलैंड और हांगकांग में वहां की सरकारें अलर्ट पर हैं।

साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक यानी डीजीएचएस ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल,भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देश की बड़ी आबादी केदृष्टिगत बढ़ती संख्या कहीं न कहीं चिंता बढ़ाने वाली है।अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख सतर्क और सक्रिय होकर सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरीके से तैयार है। स्वास्थ्य मंत्रालय पूरी तरीके से सतर्कता के साथहर परिस्थिति पर नजर रखरहा है।हां, देश भर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि सतर्क रहें, सतर्क करें। ऑक्सीजन और वैक्सीन के इंतजाम पर्याप्त रखे जाएं। ईश्वर करे कि वोस्थिति न आए जिसे हमने देखा, भोगा है। लेकिन पुराने कड़ने अनुभव, काली यादें और कोरोना के कुछ साल का दौर कितना भयावह था, याद कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। याद कीजिए कैसे उंगलियों पर गिनने लायक कोरोना के मामले पहले दर्जन से सैकड़ा, फिर हजार और उसके बाद लाखों में पहुंचे। अच्छा हो इस बार इससे शुरू में ही निपट लिया जाए जिसका तरीका हमें अब पता है। यकीनन एक बार फिर वो दौर आ गया है जब 2019-20 जैसे अहतियात और मास्क की जरूरत आन पड़ी है। अच्छा हो कि अभी से सचेत हो जाएं।इस बार ज्यादा चिंता की जरूरत वैसी नहीं है जैसी पिछले बार थी।चूंकि हमने कोरोना से बचना, लड़ना और निपटना सीख लिया है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम लापरवाह हो जाएं। इस बार भी इस वायरस को चुनौती देने के लिए फिर पुरानी और एक तरह से अब परंपरागत कही गतिविधियों यानी मास्क, दो गज की दूरी, हाथ धोने जैसे तरीकों को अपनाना होगा। इस सच्चाई को मानकर चलना होगा कि अब हमें अगले कुछ वर्षों तक कोरोना के साथ ही जीना होगा इसलिए इससे निपटना भी उनता ही जरूरी होगा। बस तो जरूरत है कि सतर्क रहें। जरा से संदेह पर चिकित्सकीय परामर्श में कोताही न करें और फिर पनप रहे कोरोना के बहुरूपिया वायरस को चुनौती दें।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## 2 जून का राशिफल

मेष- नवीन प्रयासों में रुचि बनी रहेगी. रचनात्मकता और बड़प्पन से काम लेंगे. सभी से मेलजोल की भावना बढ़ेगी । आप अपने पारिवारिक दायित्वों का भी आसानी से निर्वाह कर सकेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से आप अपने खर्चो को ना बढ़ाएं।

वृष - आज का दिन आपके लिए मेहनत भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको काम अधिक रहने के कारण मेहनत अधिक करनी होगी। जीवनसाथी को करियर में तरक्की मिलेगी, जिससे आपको खुशी होगी।

मिथुन - आज आप वाद विवाद से बचें । यदि आप परेशानियों में हैं तो काम की गति थोड़ी कम रहेगी। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाए रखेंगे. आर्थिक वाणिज्यिक क्षेत्रों में प्रभावी प्रदर्शन करेंगे.

कर्क- करियर कारोबार के प्रबंधन में बेहतर रहेंगे. पैतृक विषयों के प्रति संवेदनशील रहेंगे. कामकाजी मामले पक्ष में बनेंगे. रचनात्मक सोच रहेगी. सफलता का परचम बुलंद रहेंगे. नौकरी के बदलाव के बारे में सोच सकते हैं.

सिंह- नाक, कान, गले की परेशानी हो सकती है स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ।व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं।

कन्या - कन्या राशि वाले कल अपनी सोच से लोगों को आकर्षित करने में सफल रहेंगे और दान पुण्य के कार्यों में बढ़-चढ़कर शामिल होंगे।

तुला- स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है; ध्यान दें। साथ ही बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। नौकरी में आपको उन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं,

वृश्चिक - सिरदर्द, नेत्रपीड़ा हो सकती है, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

धनु - स्वास्थ्य सामान्य रहेगा , नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। प्रेम संबंध सामान्य रहेंगे।

मकर- स्वास्थ्यः सीने में विकार संभव है; सावधानी बरतें। उच्चाधिकारियों के साथ संबंध गड़बड़ हो सकते हैं। क्रोध पर काबू रखें, धैर्य से काम लें.

कुंभ स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपमानित होने का भय रहेगा; यात्रा में कष्ट संभव है।


मीन- स्वास्थ्य सामान्य रहेगा; चोट-चपेट से बचें। परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। प्रेम संबंध सामान्य रहेंगे।

## एक चिम्पैंज़ी के साथ-साथ एक 'बोली' की विलुप्ति

हाल में करंट बायोलॉजी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2004 में आइवरी कोस्ट के ताई नेशनल पार्क में शिकारियों ने जब चिम्पैंज़ियों के एक समूह के अंतिम दो वयस्क नरों में से एक को गोली मार दी थी तो उसके साथ-साथ चिम्पैंज़ियों के उस समूह की 'बोली' का एक इशारा (भाव-भंगिमा) भी खत्म हो गया। वैसे तो कई अध्ययनों से हमें चिम्पैंज़ियों के व्यवहार/औज़ारों के इस्तेमाल वगैरह में विविधता के बारे में काफी कुछ पता चला है। हम यह भी जानते हैं चिम्पैंज़ी समुदाय किस तरह से औज़ारों/साधनों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह अध्ययन पहली बार इस बात के प्रमाण प्रस्तुत करता है कि चिम्पैंज़ियों के अलग-अलग समूह एक ही चाहत या संवाद के लिए अलग-अलग हाव-भाव का इस्तेमाल करते हैं और मनुष्यों के हस्तक्षेप या गतिविधियों के कारण उनके समूह के ये विशिष्ट व्यवहार विलुप्त हो रहे हैं। दरअसल नर चिम्पैंज़ी जब मादा के लिए अन्य नरों के साथ होने वाले टकराव और लड़ाई को टालना चाहते हैं तो वे गुपचुप संभोग के लिए मादा को चुपके से इशारा करते हैं। ये इशारे आम तौर पर संभोग आमंत्रण के लिए दिए जाने वाले इशारों से अलग होते हैं। ये इशारे इतने चुपके से किए जाते हैं कि बस पास मौजूद मादा का ही इन पर ध्यान जाए, अन्य नरों का नहीं। स्विस सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के संरक्षण जीवविज्ञानी चिम्पैंज़ियों के इन्हीं इशारों और उनके मायनों में विविधता का अध्ययन कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने ताई जंगल में रहने वाले चार चिम्पैंज़ी समुदायों के 495 इशारों का अध्ययन किया और पाया कि एक ही बात के लिए प्रत्येक समूह के इशारों में अंतर होता है, हालांकि कुछ इशारे एक समान भी होते हैं। जैसे संभोग के लिए आग्रह करने के लिए चारों समुदायों के नर किसी एक डाली को आगे-पीछे हिलाते हैं या अपनी एड़ी को ज़मीन पर पटकते हैं। लेकिन सिर्फ दक्षिणी और पूर्वी समुदाय के चिम्पैंज़ी चुपके से संभोग के इशारे के लिए पत्तियों को चीरते हैं, और केवल पूर्वोत्तर समुदाय के चिम्पैंज़ी उंगलियों के जोड़ से पेड़ या किसी सख्त सतह को ठोंकते हैं जैसे हम दरवाज़े को खटखटाते हैं। इस इशारे को नकल नॉक (knuckle knock) कहते हैं।

# घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति

**तनवीर जाफ़री**



पहलगाम में हुये पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किये गये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों ख़ासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊँचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औक़ात को समझ चुका है। परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल ज़रूर उठाये जा रहे हैं। ख़ासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किये जा रहे हैं।उधर भारत की तरफ़ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य ज़िम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुनः शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं। और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आँखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिये हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने ख़ास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फ़ाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फ़रवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलिवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल ने रक्षा ख़रीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुये स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का ज़िक्र किया और साफ़ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज़ आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फ़ाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तख़त करते वक़्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि - मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब वायुसेना मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत तेज़ी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर ज़ोर दे रही है। दूसरी तरफ़ सरकार द्वारा चलायी गयी अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फ़ायदे गिनाने में लगी है। परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिये चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71% पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हज़ार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थायी समिति को दी गयी जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज़्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद ख़ाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा



रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गयी थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए "अग्निवीर" के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25% अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थायी रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को "सेवा निधि पैकेज" के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपये और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किये जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है। इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर ज़ोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थायी सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य ज़रूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यह स्थायी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80% की कमी देखी गई। लिहाज़ा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाये सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाये और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाये क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है।

## एक नजर




### कर्मचारियों ने एसडीओपी पर कार्रवाई के लिए निकाली रैली,सौंपा ज्ञापन

**भैरमगढ़, 1 जून।** एसडीओपी और पुलिस द्वारा तकनीकी सहायक और सचिव को बर्बरता पूर्वक पिटाई किए जाने के विरोध में कर्मचारी संगठन ने भैरमगढ़ ब्लाक मुख्यालय में रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी संगठन ने घटना के विरोध में कल शनिवार को सभी सामाजिक संगठनों , व्यापारिक संगठन और जन सामान्य से स्व स्फूर्त होकर बीजापुर बंद का आह्वान किया है। अवगत हो कि प्रदेश संगठन द्वारा भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए समर्थन दिया गया है । उसके बाद भी करवाई नहीं होने की स्थिति में जिला मुख्यालय में रैली निकालकर न्याय यात्रा के रूप में एस पी ऑफिस का घेराव करेंगे। जिसमें सभी कर्मचारी संगठनों से आह्वान किया जाएगा।

### पर्यावरण महोत्सव में पर्यावरण सरंक्षण पर चर्चा हुई

**रायपुर, 1 जून।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्य जीवन) प्रेम कुमार और ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने की। चर्चा का विषय था -पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व।इस अवसर पर बोलते हुए वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुमूल्य सम्पदा के रूप में अनेक उपहार दिए हैं। एक ओर विकास हो रहा है तो दूसरी ओर विनाश हो रहा है। प्रकृति को प्रदूषित करने के लिए हम सब दोषी हैं। प्राकृतिक वन को हमने उजाड़ा है। वन सरंक्षण के लिए लोगों में जन जागृति लाने की जरूरत है। हमें प्रकृति और संस्कृति दोनों को बचाने के लिए कार्य करना होगा।उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश नदी-नालों और जंगलों से घिरा हुआ है। उन्हें सरंक्षित करने की आवश्यकता है। प्राकृतिक असन्तुलन के कारण हमें अतिवृष्टि और अनावृष्टि का सामना करना पड़ रहा है।

# समाजों की बैठक में निर्णय गोंचा रथयात्रा 27 जून को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 जून ।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में 27 जून को श्री गोंचा रथयात्रा आयोजित होगी। इस संबंध में जगन्नाथ मंदिर परिसर में विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक शनिवार को हुई, जिसमें आयोजन की तैयारी समेत अन्य विषयों पर विचार मंथन किया गया। दंतेवाड़ा में श्री जगन्नाथ रथयात्रा आयोजन का यह पांचवां वर्ष होगा। पहली बार वर्ष 2021 में इसकी शुरुआत हुई थी। रथयात्रा के लिए काष्ठ रथ के निर्माण की प्रक्रिया बसंत पंचमी से शुरू हो जाती है।



### आयोजन समिति का हुआ गठन

रथयात्रा के सुचारू आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया। जिपं अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी को सर्व सम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस आयोजन के लिए संरक्षक हरेंद्र नाथ जिया, प्रधान पुजारी माँ दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, चैतराम अटामी विधायक, दिवाकर भुईंया, सत्यनारायण महापात्र, सुनीता भास्कर जनपद अध्यक्ष संरक्षक होंगे।अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष तूलिका कर्मा, मनोज सुराना, मुकुंद सिंह ठाकुर, सचिव राकेश मिश्रा, आशीष मालवीय, कोषाध्यक्ष अजय महापात्र, सह कोषाध्यक्ष निरंजन मिश्रा, गुप्त कैलाश मिश्रा मनोनीत किए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन दास बैरागी, सुमित सिंह भदौरिया, नागेश जायसवाल, प्रमोद गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, त्रिनाथ सिंह ठाकुर, सत्यनारायण ठाकुर, सुभाष दास, संतोष महापात्र, नीलम ठाकुर, शैलेन्द्र ठाकुर, अरुण दास, गयाप्रसाद विश्वकर्मा, बीरबल सिंह ठाकुर, राजाराम ठाकुर, सत्या पटेल, लक्ष्मीनाथ पोड़ियाम, राम कुमार महंती, शिव चंद्र कतियार, समीर दास, नरेंद्र साहू, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सुशील सेठिया, महादेव ठाकुर, कुमदो राम सोलंकी, चरण सिंह ठाकुर, रघुनाथ देवांगन, नवीन मिश्रा, राजीव मिश्रा, लक्ष्मण भास्कर, शिव नरेश, अजय सेठिया, विनोद यादव शामिल किए गए हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पं केदारनाथ मिश्रा ने बताया कि पूजन समिति व अन्य समितियों का गठन 8 जून को होने वाली अगली बैठक में किया जाएगा।

# काजू प्रोसेसिंग प्लांट में 6 माह से लगा है ताला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 1 जून।** राज्य सरकार की गलत नीति की वजह से वर्ष 2013 से वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर बकावंड में संचालित काजू प्रोसेसिंग प्लांट पर पिछले दिसम्बर माह से ताला लगा हुआ है और मशीनों में जंग लग रही है वहीं प्लांट बंद होने से करीब डेढ़ सौ आदिवासी महिला मजदूर रोजी-रोटी के मोहताज हो गए हैं यह सब राज्य सरकार की गलत नीति की वजह से हो रहा है, प्रोसेसिंग के लिए जो काजू गुठली लगता है उसका रेट ग्रेड अनुसार सरकार ने 115, 120 रुपये निर्धारित कर रखा है जबकि बाजार में तेजी की वजह से काजू गुठली 138 से 150 रुपये की दर पर बिक रहा है इससे प्रोसेसिंग प्लांट के लिए काजू खरीद रहे समितियों के हाथ



खाली है और कच्चा माल नहीं होने की वजह से प्रोसेसिंग प्लांट बंद पड़ा है। इस सम्बंध में प्रोसेसिंग का काम संचालित कर रही मां धारणीकरिन महिला स्व सहायता समूह बकावंड की महिलाओं ने कई दफा फारेस्ट के अधिकारियों से मिलकर काजू की उपलब्धता सुनिश्चित कर प्रोसेसिंग का काम शुरू करने की गुहार लगाई पर नियमों में रद्दोबदल कर खरीदी नीति को बाजार के समदर्शी बनाने की पहल किसी ने नहीं की समूह के एक प्रतिनिधि मंडल ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को ज्ञापन सौंप प्रोसेसिंग प्लांट को जल्द शुरू कर महिलाओं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर विधायक बस्तर ने उच्चाधिकारियों से चर्चा कर प्रोसेसिंग प्लांट जल्द शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बघेल ने कहा कि जिस प्रोसेसिंग प्लांट की चर्चा देश ही नहीं विदेशों तक है समूह की दो महिलाओं ने सिंगापुर तक अपना लोहा मनवाया है, विभाग ने भी बस्तर के छोटे काजू को बड़े पैमाने पर प्रचारित कर अपना रोल मॉडल बना रखा है यह काम बंद कैसे हो गया राज्य सरकार नये रोजगार का सृजन तो नहीं कर पा रही है और जो रोजगार के साधन उपलब्ध है उसे भी छीन रही है

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में प्लेसमेंट कैंप की तिथि जारी

**दंतेवाड़ा,1 जून।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से प्राप्त जानकारी अनुसार सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों पर कौशल प्रशिक्षण उपरांत नियोजन किये जाने के संबंध में कैपस्टोन फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड एनएसडीसी हैदराबाद के द्वारा प्राप्त रिक्तियों ( रिक्त 500 पद केवल पुरुष) के अनुसार जनपद पंचायत गीदम में 4 जून को, कटेकल्याण में 6 जून को, कुआकोंडा में 9 जून को, तथा दंतेवाड़ा में 12 जून को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक किया जा रहा है।

# बस्तर के सात शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,1 जून।** भारत के नवाचारी गतिविधियाँ समूह जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सह एससीईआरटी रायपुर मे आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जे.पी. रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ बी.रघु सहायक संचालक एससीईआरटी, बी.एल. देवांगन डाईट प्राचार्य, डा एसके जैन डाईट रायपुर, केके साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छग एडमिन टीम उपस्थति रहे।इस कार्यक्रम में बस्तर जिले से नीलमणी साहू, गौतम देवांगन, संध्या कुशल, दुर्गेश्वरी पटेल, हीरमति भारद्वाज, प्रियंका श्रीवास, अभिलाषा नेताम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम मे सतत सहयोग के लिए बबीता मोटवानी को भी सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित बस्तर जिला टीम से मनीष कुमार अहीर, बबीता मोटवानी, यामिनी, दीपक मौर्य, दीपक यादव, हेमंत कश्यप, कमलेश्वर दास, रियाज अली, मोहम्मद अकबर खान आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ। इस समूह से जुड़े सभी टीम मेबर शासकीय विद्यालय मे पदस्थ एसे शिक्षक है जो विद्यालय मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए आपस मे जुड़कर शासकीय दायित्व के आलावा अतिरिक्त प्रयास कर रहते है।



### कई चरणों में हुआ अवार्ड के लिए चयन

समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि सम्मान के लिये कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छग सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700 से भी ज्यादा नॉमिनेशन की स्कूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं सबंधित से उनके कार्यो के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं. जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया।

### युक्तियुक्तकरण से न तो स्कूल बंद होंगे और न ही पद समाप्त होंगे

**महासमुंद,1 जून।** महासमुंद जिले में शासन के निर्देशानुसार विद्यालयो का युक्तियुकरण के तहत समायोजन किया जाना है। युक्तियुक्तकृत एवं अन्य विद्यालयों में दर्ज संख्या के अनुपात में बसना विकासखण्ड में कुल अतिशेष शिक्षक 126, सरायपाली में 152, पिथौरा 139, महासमुंद में 211, बागबाहरा में 75 इस तरह कुल 703 शिक्षकों का नियमानुसार कांउसलिंग के माध्यम से रिक्त पदों पर समायोजन किया जायेगा। जिसमें प्राथमिक शाला अंतर्गत प्रधान पाठक के कुल 12 एवं सहायक शिक्षक के 433 अतिशेष पद हैं। इसी तरह उच्च प्राथमिक शाला अंतर्गत शिक्षकों के कुल 146, हाई स्कूल हायर सेकेण्ड्री अंतर्गत व्याख्याताओं के 101, व्यायाम शिक्षक के एक एवं सहायक शिक्षक विज्ञान के 10 अतिशेष पद है।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई, 1 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के घर में घुसकर 30 हजार रुपए सहित चांदी के जेवर चोरी करने वाले आरोपी पकड़े गए हैं। आरोपियों में एक युवक सहित दो विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। पकड़ा गया बालिग आरोपी माया उर्फरितिक यादव ;23 वर्षद्ध मॉडल टाउन नेहरू नगर का निवासी है। सुपेला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पारा 331ध् 4ए 305 एए 05रू5 बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि प्रार्थिया अजू जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 20 मई को रात्रि खाना खाकर सो गई थी सुबह उठकर देखने पर दूसरे कमरे की जलमीरा खुला होने एवं सामान एवं कपड़े बिखरे हुए थे। अलमीरा चेक करने पर उसमें रखे नगद 30ए000 रुपए एवं चांदी का बना हुआ चाबी का छात्र एवं चेन को कोई अज्ञात चोर चोरी कर



ले गया है रिपोर्ट पर थाना सुपेला अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी के दौरान 31 मई को जरिये मुखबीर सूचना पर सामुदायिक भवन बाम्बे आवास के पास नेहरू नगर में संदेही माया उर्फरितिक यादव को घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ करने पर बताया कि उसकी विधि से संघर्षरत दो बालक से पूर्व से पहचान है जो कई दिनों से कुछ बड़ा काम करने की सोचते हुए 20 मई के सुबह 4 बजे नेहरू नगर में घूमते हुए एक घर के अंदर घुसे तथा एक अपचारी बातक द्वारा उस घर के दरवाजे की मवरदानी चली को तोड़कर हाथ अंदर डालकर दरवाजा खोलकर घर के अंदर तीनों घुसकर अलमीरा को चेक करने पर उसके दराण में रखे नगदी 30ए000 रुपए एवं एक छोटा बैग को चोरी करना स्वीकार किया। माया उर्फ रितिक द्वारा चोरी की रकम 30ए000 में से 20000 रुपए अपने पास तथा दोनों अपकारी बालकों को पांच पाँच हजार रूपए बांट कर काले बैग में रखे एक चांदी के चाबी के उससे एवं चांदी के चैन को सामुदायिक भवन बाम्बे आवास के पास मंदिर के पीछे छिपा दिए हैं। बाद में बेचने की योजना बनाए थे। आरोपियों से चोरी की रकम में से 2000 एवं इनकी निशानदेही पर मंदिर के पीछे छिपाये चांदी के चाबी के छाले एवं चांदी को चैन को विधिवत जस किया गया। दोनों विधि से संघर्षरत बालकों ने चोरी करना स्वीकार किया। इनसे 2500 बरामद किया गया

# पोस्टमैन पदुमसिंह सेठिया को सेवानिवृत्ति पश्चात दी गई विदाई

**कोंडागांव,1 जून।** भारतीय डाक विभाग में लंबे अरसे से पदस्थ ग्रामीण डाक सेवक सहायक शाखा डाकपाल बनियागांव श्री पदुम सिंह सेठिया को सेवानिवृत्ति होने पर 31 मई शनिवार को कोंडागांव उप डाकघर में डाकघर के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सर्वप्रथम उन्हें तिलक, फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह के रूप में उन्हें उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक श्री आरएस मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा सेठिया जी 1981 से नियमित रूप से बनियागव में कार्यरत थे उनका चार दशक का का कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से निष्पादन किया, जिसके लिए डाक विभाग की ओर से हम धन्यवाद करते है, उनके कुशल व्यक्तित्व




कार्य शैली की प्रशसनीय है कार्य के प्रति वफादारी उनके व्यक्तित्व में झलकती है। श्री सेठिया जी ने समस्त नए कर्मचारियों को अच्छे से ईमानदारीपूर्वक कार्य करने की बात कही एवं विभाग में रहकर आगे बढ़ने की नसीहत दी। इस मौके पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति डाक सेवक पदुमसिंह सेठिया के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। अंत मे स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सूरज लाल गोटी उपडाकपाल, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, दयाराम ध्रुव, कवित्त ठाकुर, नईम खान, डिकेश मिर्झा, अनिल दीवान, संदीप राव, हरेंद्र यादव, सुर्य प्रसाद दीवान, चेतमन मरकाम, बालमुकुंदी बंजारे, भारत साहू, पीयूष सिन्हा, विदोस दीवान, जगदेव सोनवानी, बुधराम साहू, आदिल अहमद, अतुल यादव, देवचंद सेठिया, सुबरु कश्यप, चमन नेताम, गीतेश, अशोक सोढ़ी, गौतम रात्रे, शंकर दीवान, दिनेश वट्टी, भुवन बैरागी, रुप्पा हरीश, मनीष साहू, सियाराम सोरी, रघुचन्द, नेहा मिश्रा, कमलेश मरकाम, राहुल, सियाराम सोरी, अभय, सतीश, कृष्णा, सन्नी, सत्यानंद, कीर्तन, शुभम, वेदप्रकाश, सपना, नीलू, रमिला, रूबी दिवाकर, मुस्कान पटेल, रश्मी, हीना मानिकपुरी, अनिशा, कल्याणी साहू, भारती, होलिका, वसुन्धरा, भानुप्रिया, मनीषा, जोंती, हिमांशी, अंजली बर्मन, मेघा ठाकुर, निशा यादव, पायल माहेश्वरी, महिमा साहू, राधा, पूजा सोरी, तरुणा, सुप्रिया साहू, मधु, पूजा सरकार सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की न्याय पदयात्रा बस्तर की पुकार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 1 जून।** बस्तर की पवित्र भूमि, जिसके कण-कण में आदिवासी अस्मिता और यहाँ के जंगलो और पहाड़ों में बस्तर की आत्मा बसती है, आज भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की नीलामी की नीतियों का शिकार हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी द्वारा 26 से 29 मई तक किरंदुल से दंतेवाड़ा तक निकाली गई 40 किलोमीटर की न्याय पदयात्रा केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि बस्तर की पुकार थी। ये पदयात्रा नहीं, बस्तर के संसाधनों की लूट पर एक जन-आक्रोश था। भाजपा सरकार की हर नीति बस्तर को बाजार में तब्दील करने पर तुली है। भाजपा सरकार में पेसा कानून, ग्राम सभा और वनाधिकार की बातें केवल भाषणों तक सीमित रह गई है, सच कहूं तो लगता है जैसे सरकार ने बस्तर में दो संविधान लागू कर दिए हैं, एक पूंजीपतियों के लिए, जिसमें कोई लाइन नहीं, कोई पूछताछ नहीं, सीधे खदानों तक पहुंच और दूसरा आम जनता के लिए, जिसमें आवेदन से लेकर आंदोलन तक सब जुर्म है। भाजपा की केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर को कॉर्पोरेट लूट का अड्डा बना दिया है। बैलाडीला की 1ए और 1बी खदानें आर्सेलर मित्तल को, 1सी रूंगटा स्टील को और कांकेर की हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए सौंप दी गईं। भाजपा अब अपने उद्योगपती साथियों के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाने में लगी है। भाजपा की जन विरोधी नीतियाँ बस्तर की आत्मा और आदिवासी अधिकारों पर हमला हैं, बस्तर के माटीपुत्र बस्तर को लूट का बाजार नहीं बनने देंगे।

# देवी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर स्वच्छताग्राही दीदीयों को किया सम्मान

**मोहला, 1 जून।** महान समाज सुधारिका एवं लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्टर कार्यालय परिसर मोहला में भव्य रूप से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री संजीव शाह जी पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव श्री भोजेश शाह मंडावी उपाध्यक्ष जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, श्रीमती गैंद कुंवर ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत मोहला, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन, कार्यों एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यों और महिला सशक्तिकरण की दिशा में दिए गए योगदान को वर्तमान समय के लिए अत्यंत प्रेरणास्पद बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा की स्वच्छता ग्राही दीदियों को स्वच्छता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण को मान्यता देने का प्रतीक है। साथ ही, बिहान समूह की लखपति दीदियों को आजीविका सृजन में बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने स्टॉलों का अवलोकन किया, जहां बिहान समूह की दीदियों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई। उत्पादों की बिक्री से समूह की महिलाओं को लगभग 5,000 रुपए की आय हुई। जो उनके आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय कदम है।

# स्वास्थ्य विभाग ने मानसून में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए किया निर्देश जारी

**महासमुन्द, 1 जून ।** आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को संभावित मौसमी बीमारियों एवं आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे सतर्कता एवं सावधानी बरतें ताकि उल्टी-दस्त, मलेरिया, पीलिया व अन्य संक्रामक रोगों से सुरक्षित रहा जा सके। समय पर रोकथाम नहीं होने की स्थिति में ये बीमारियाँ गंभीर रूप ले सकती हैं। जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों (सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता)और स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु जनजागरूकता और उपचार संबंधी कार्यों में लगी हुई हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसामान्य के लिए मौसमी बीमारी से बचाव के लिए सुझाव एवं सावधानियाँ बताई गई है जिसमें खाद्य एवं पेय पदार्थों को ढँक कर रखें। बासी, सड़े-गले फल या भोजन का सेवन न करें, ताजा भोजन ही ग्रहण करें। दस्त होने पर ओ.आर.एस. (जीवन रक्षक घोल) का नियमित सेवन करें। पीने के लिए पानी को उबालकर या क्लोरीन की गोली डालकर उपयोग करें। भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएँ और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रारंभिक लक्षण पर 104 आरोग्य सेवा केंद्र या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।दस्त या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं की स्थिति में घरेलू उपचार के रूप में नारियल पानी, नमकीन लस्सी, नींबू पानी (शिकंजी), चावल का मांड, हल्की चाय और दाल का पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन शरीर में पानी की कमी को दूर करने में सहायक होता है। ये तरल पदार्थ न केवल शरीर को हाइड्रेट रखते हैं, बल्कि आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति में भी मदद करते हैं।स्वास्थ्य विभाग ने जिले में कुल 264 ओ.आर.टी. कॉर्नर की स्थापना की है, जिसमें 227 उप स्वास्थ्य केंद्र, 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 01 अर्बन पीएचसी, 01 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शामिल हैं। इन सभी स्वास्थ्य संस्थानों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

मितानिनों की दवा पेटियों में ओ.आर.एस., जिंक, पेरासिटामोल जैसी आवश्यक दवाइयाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गई हैं। जिले में वर्तमान में 65,102 ओ.आर.एस. पैकेट एवं 1,64,300 जिंक टैबलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य विभाग महासमुन्द द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि मानसून के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या में तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएँ।

# गार्ड ने साथी संग लाखों की चोरी की



**भिलाई, 1 जून।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के जिस गार्ड को चोरी रोकने के लिए फैक्ट्री में तैनात किया गया था उसी ने मालिक का भरोसा तोड़ने का काम किया है गार्ड ने अपने एक साथी के साथ मिलकर फैक्ट्री में रखा वाई लाख का पिग आयरन और प्लेट कटिंग लोहे की चोरी को अंजाम दिया चोरी के इस लोहे का खरीददार कोई और नहीं बल्कि आरोपी गई कासाथी है जामुन थाने पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है चोरी की या वारदात 27 मई को रात में लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई के रंजना इंडस्ट्रीज में हुई चोरी के लारीप में फैक्ट्री के गार्ड मोहम्मद रईस खान पिता मोहम्मद इदरीश खान ;43 वर्षद्ध एवं उसका साथी व चोरी के माल का खरीददार भागवत चंद्राकर पिता रमेश चंद्राकर दोनों निवासी श्याम नगर पावर हाउस थाना खवनी भिलाई को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया गया है फैक्ट्री मालिक नेहरू नगर निवासी रिलेश रायका ने जामुल थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई में उसकी रंजना इंडस्ट्री के नाम से फैक्ट्री है फैक्ट्री में रखे पिग आयरन और प्लेट को कटिंग लोहा को 29 मई की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जामुन थाना पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए फैक्ट्री के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। हुलिया के आधार पर फैक्ट्री के गार्ड रईस खान से पूछताछ किया गया। जी अपने अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया आरोपी रईस खान ने चोरी की गई सम्पत्ति को अपने साथी भागवत चन्द्राकर के पास बिक्री करना बताया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की सम्पत्ति पीन आयरनए पोट को कटिंग लोहा कोसती वाई लाख रूपए को जह किया गया है। आरोपियों को 30 मई को गिरफ्तार कर माफिक्र रिमांड पर भेजा गया।

### विद्यार्थी शिविर का हुआ समापन, सैकड़ों विद्यार्थी हुए लाभान्वित

**राजनांदगांव, 1 जून।** भारत के भावी कर्णधार हो रहे तैयार । बच्चे ही भारत के भविष्य है जिस तरह एक पौधे को समय-समय पर जल से सींचना, खाद डालना देखभाल करके पोषित करते है और वह पौधा बढ़ा होकर वृक्ष बन हमारी जरूरतों को पूरा करता है फल देता है छांव देता है ऐसे ही बाल्यवस्था में बच्चों को अच्छे संस्कार से रोपित करते है तो बच्चे बड़े होकर देश, समाज एवं भारत की नींव को मजबूती प्रदान करते है तथा शसक्त राष्ट्र का निर्माण होता है ।यही संस्कार पूज्य संत श्री आशारामजी बापू ने पिछले 60 वर्षो से बच्चों को देते आ रहे है । इस वर्ष भी श्री योग वेदांत सेवा समिति, बाल संस्कार विभाग के द्वारा बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार व आत्मिक उन्नति के लिए 25 से 31 मई सात दिवशीय विद्यार्थी शिविर का आयोजन किया गया ।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय से मिले डुबान क्षेत्र के लोग और भूमि आबंटन की मांग की

**धमतरी , 1 जून।** जिले के गंगरेल डूबान क्षेत्र के लोगों ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से कलेक्टोरेट पहुंचकर मुलाकात की। डूबान प्रभावितों ने मुआवजे के रूप में भूमि आबंटित करने की अपनी पुरानी मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री को आवेदन दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उनके आवेदन को संवेदनशीलता के साथ सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप और कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा से प्रकरण के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित लोगों को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

डूबान प्रभावित लोगों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बताया कि गंगरेल बांध के डूबान प्रभावित लोगों को मुआवजे के रूप में भूमि आबंटित करने के प्रकरण में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन 2008 एवं 2016 में प्रस्तुत किया गया था। इन दोनों पिटीशनों पर सुनवाई करते हुए छ.ग. उच्च न्यायालय में 2020 में आदेश पारित कर तीन माह के भीतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जांच कराकर पात्र गंगरेल बांध डूबान प्रभावितों को भूमि आबंटित करने का आदेश दिया था। डूबान प्रभावितों ने बताया कि आदेश के 4 साल बाद भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा भूमि आबंटन के संबंध में कोई जांच कार्रवाई शुरू नहीं की गई है, ना ही गंगरेल डूबान प्रभावितों को कोई राहत मिली है। डूबान प्रभावितों ने मुख्यमंत्री से पात्रता अनुसार भूमि आबंटन की कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने का आवेदन दिया है।

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम शिविर में हुए शामिल

**महासमुंद,1 जून।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 अंतर्गत किसानों को नवीनतम तकनीक के प्रति जागरूक करने तथ किसानों से सीधा संवाद करने आज महासमुंद के सिरपुर और छपोराडीह में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्य के कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम औचक रूप से शामिल हुए।इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अरहर मिनी कीट, किसान क्रेडिट कार्ड, धान बीज का वितरण किया गया,साथ ही कृषि रथ के माध्यम से किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कृषक चौपाल में कृषि मंत्री श्री नेताम ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक गांव गांव पहुंचे रहे है। उन्होंने कहा कि किसान खेती के नवीनतम तकनीक व शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ ले सकते है। किसानों को जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। रासायनिक खाद का अधिक उपयोग करने से भूमि की उर्वरता खत्म होते जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से किसानों को अधिक से अधिक जैविक खाद का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन करते हुए धान के बदले,रागी, मक्का एवं अन्य फसल ले सकते है।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अर्तराष्ट्रीय दिवसों के में आयोजित होने वाले कार्यक्रम अनुसार आज ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद द्वारा विभिन्न स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले में न्यायिक अधिकारियों तथा तालुका और आरक्षी केन्द्रा में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न ग्रामों, ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों, हाट बाजारो एवं संगठनों में जाकर बैनर पाम्पलेट के माध्यम से विधिक जागरूकता पर अधारित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

# दोस्त संस्था ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर कमार जनजाति के लोगों की जांच कर दवा भी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 1 जून।** गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक के बेहराडीह गांव में दोस्त संस्था (डॉक्टर ऑन स्ट्रीट) द्वारा डॉ. संगीता कौशिक के संयोजन में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह गांव कमार विशेष संरक्षित जनजाति की बहुलता वाला क्षेत्र है। दोस्त संस्था की प्रदेश इकाई की महासचिव डॉ. संगीता कौशिक ने बताया कि शिविर में कमार जनजाति के परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्य रूप से त्वचा रोग और संक्रमण से पीड़ित मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही, बच्चों में




कुपोषण से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें परिवारों को पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। दोस्त संस्था विगत दो वर्षों से छत्तीसगढ़ की सात विशेष संरक्षित जनजातियों के बीच निरंतर सेवा कार्य कर रही है। गरियाबंद जिले में कमार और भुंजिया जनजातियों की बहुलता को देखते हुए संस्था द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम और अन्य सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। विशेष संरक्षित जनजातियों के प्रति भारत सरकार अत्यंत संवेदनशील है और इनके कल्याण के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इन जनजातियों को भारत सरकार के राष्ट्रपति द्वारा दत्तक पुत्र का सम्मान प्राप्त है।दोस्त संस्था का यह प्रयास सामाजिक समावेशन और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर आवश्यक: मोनू केसरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,1 जून।** भाजपा के युवा आंदोलनकारी नेता मोनू केशरी ने कहा कि खरसिया क्षेत्र के पुलिस थानों में लंबे समय से जो पुलिसकर्मी पदस्थ है उनका ट्रांसफर नहीं होने होने के कारण नगर सहित खरसिया विकासखण्ड की पुलिस व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम अवैध कच्ची शराब का व्यवसाय काफी फल-फुल रहा है। इस बारे में खरसिया पुलिस को पूरी जानकारी होने के बावजूद भी अवैध कच्ची शराब माफियाओं पर कार्यवाही नहीं किये जाने से जहां एक ओर नगर सहित पूरा विकासखण्ड अवैध शराब भट्टी में परिवर्तित हो चुका हैं वहीं कच्ची शराब सुलभ तरह से उपलब्ध होने से एक ओर लोगों में इस कच्ची शराब पीने से स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है वहीं आसानी से मिलने वाली इस कच्ची शराब का सेवन अब युवा पीढ़ी के



साथ ही साथ किशोरवर्ग का पसंदीदा शौक बना गया है। यदि इस पर शीघ्र ही रोक नहीं लगाई गई तो वो दिन दूर नही जब खरसिया विकासखण्ड पूरी तरह से कच्ची शराब के गिरफ्त में हो।लोकप्रिय नेता केशरी ने आगे कहा की क्षेत्र में सट्टा का कारोबार भी अब पुरानो खाईवालों से दूर होकर नये नये किशोर वर्ग एवं युवा वर्ग के पास आ चुका है। आज खरसिया नगर के युवा एवं किशोर वर्ग के लोग बढ़े जोर शोर से आनलाईन सट्टा खिलाते हुए करोड़ो कमा रहे है। इस बारे में भी खरसिया पुलिस को पूरी तरह से जानकारी है लेकिन लंबे अरसे से जमे पुलिसकर्मी इन सटोरियों से प्रतिमाह मोटी रकम वसूल कर उन्हें खुलेआम आनलाईन सट्टे खिलाने हेतु प्रोत्साहित कर रहे है। इसलिये खरसिया थाना एवं चौकी में लंबे समय से जमे हुए पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण जिले से बाहर किया जाना नितांत ही आवश्यक है। क्योंकि खरसिया पुलिस के ये कर्मी अपना स्थानांतरण खरसिया क्षेत्र के आसपास के थानों में कराकर पुनः खरसिया पुलिस चौकी या थाना में अपना स्थानांतरण करवा लेते है। इसलिये खरसिया थाना/चौकी में लंबे समय से पदस्थ पुलिसकर्मियों का रायगढ जिला से बाहर स्थानांतरण किया जाना अति आवश्यक है।

### नगर पंचायत कुरूद को मिली 8 करोड़ से अधिक की सौगात

**धमतरी,1 जून।** नगर पंचायत कुरूद में आज सुशासन तिहार के अंतिम दिन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक अजय चंद्राकर ने बतौर मुख्य अतिथि 8 करोड़ 30 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात कुरूद नगरवासियो को दी। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने विभिन्न निर्माण कार्यों को लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता दीदीयों को सफाई किट वितरित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 22 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र और 5 हितग्राहियों को घर की चाबी प्रदान किया। वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे व्यक्तियों सहित नगर क्षेत्र में 10वीं 12 वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया। सुशासन तिहार में नगर पंचायत कुरूद को मिले कुल एक हजार 569 आवेदनों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई।

# 8.30 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण,शिलान्यास विधायक अजय चंद्राकर ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 1 जून।** नगर पंचायत कुरूद में सुशासन-समाधान दिवस 31 मई को नगर के सभी वार्डों मे 8 करोड़ 30 लाख राशि का लोकार्पण शिलान्यास के साथ ही साथ नगर के समस्त सर्वाजनिक शौचालयों का आकर्षक जीर्णोद्धार मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर , नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर सहित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों के करकमलों से संपन्न किया गया ।

नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में हो चुके और होने वाले 8 करोड़ 30 लाख रुपये के विकास कायों का लोकार्पण शिलान्यास विधायक अजय चन्द्राकर ने किया । जिसके पश्चात नपं अध्यक्ष एवं अन्य पार्टी नेताओं ने जैसे तैस मंचीय औपचारिकता पूरी कर कार्यक्रम सम्पन कराया। 31 मई को सुशासन समाधान दिवस की समापन अवसर में स्थानीय प्रशासन द्वारा खुले में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर अपने निर्धारित समय पर पहुंच गए। तब हल्की हल्की बारिश हो रही थी, इसलिए आयोजकों को थोड़ीदिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसी में विधायक चन्द्राकर लोकार्पण भूमिपूजन की औपचारिकता पूरी कर चले गए।मुख्य अतिथि के जाने के बाद मंच पर मौजूद वरिष्ट पार्टी नेता एलपी गोस्वामी, निरंजन सिन्हा ने संपर्क, संवाद, समस्या और समाधान के जरिये सुशासन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव एवं क्षेत्र में अजय चन्द्राकर के होते हुए नगर विकास के लिए पैसों की कमी नहीं होगी। पूर्व नर्ष अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने महिला कमांडो की ओर ईशारा करते हुए कहा कि नशाखोरी रोकने महिलाओं पर निर्भरता ठीक नहीं, हमें भी आगे आना होगा,



तभी इस समाजिक बुराई से छुटकारा मिल सकता है।

### टारगेट पूरा कर रिपोर्ट सरकार को भेज दी:ज्योति भानु चंद्राकर

प्रथम नागरिक ज्योतिभानु चन्द्राकर ने सामने बैठीं भीड़ को जय राम करते हुए कहा कि शपथग्रहण के बाद हमने सौ दिन का टारगेट 90 दिनों में ही पूरा कर सरकार को रिपोर्ट भेज दी है। अपनी प्राथमिकता में नशामुक्ति, पेयजल और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को शुमार करते हुए नर्प अध्यक्ष ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग जैसे बड़े कामों के लिए हमारे नेता अजय चन्द्राकर सक्षम हैं, हमें नगर को आदर्श रूप विकसित करना है, दलगत विचारों से परे रहते हुए, हम सभी को स्मार्ट सिटी की तरह विकास गढ़ना होगा। साथ ही समाजिक बुराईयों के खिलाफ एकजुटता दिखानी होगी।

### इस अवसर पर अतिथियों ने पीएम आवास, शापिंग काम्प्लेक्स के हितग्राहियों को चाबी सौंपी

ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं स्वच्छता कर्मियों को किट भेंट कर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चयनित एसएचजी की महिलाओं, शिशुवती माताओं का सम्मान किया गया। जिसमें अनिल चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवखत साहू पार्षद मिथलेश बैर, रवि मानिकपुरी, मनीष साहू, रजत चन्द्राकर, महेन्द गायकवाड़, कविता चन्द्राकर, उत्तम साहु अर्जुन, राजकुमारी धुष, उर्वशी चन्द्राकर, कृष्णकांत, मालकराम साहू, भोजराज चन्द्राकर, योगेन्द्र सिन्हा, प्रभात बैस, तहसीलदार दुर्गा साहू, सीएमओ महेन्द्र गुप्ता, डीके साहू सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य

### काउंसलिंग के विरोध व तिथि आगे बढ़ाने की मांग को लेकर शिक्षक साझा मंच की बैठक हुई



**बीजापुर, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर दिनाँक 2 जून को जिले में प्रभावित शिक्षकों के काउंसलिंग के विरोध व काउंसलिंग के तिथि को आगे बढ़ाने के लिए दिनाँक 31 मई को शिक्षक साझा मंच जिला बीजापुर की एक बैठक रखी गई।बैठक में शिक्षक साझा मंच के जिला संचालको ने एक सुर में काउंसलिंग का विरोध करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा ना ही अतिशेष शिक्षकों को दावा आपत्ति करने का मौका दिया गया,और ना ही रिक्त स्थानों की सूची उपलब्ध करवाई गई,सूची उपलब्ध नहीं होने से काउंसलिंग के समय कौन सी स्कूल कहां स्थित है तथा परिवार जनो से चर्चा करना भी संभव नहीं हो पाएगा,स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जो युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है जिसके तहत प्राथमिक शालाओ में 1प्रधान अध्यापक,1सहायक शिक्षक व माध्यमिक शालाओं में 1 प्रधान अध्यापक और 3 शिक्षक का सेटअप लागू किया जा रहा है जो की उचित नही है,हमारी मांग है कि युक्तियुक्तकरण 2008 के सेटअप अनुसार किया जाना चाहिए जिसमें प्रा.शा.में 1प्रधान अध्यापक,2 सहायक शिक्षक व मा.शा. में 1 प्रधान अध्यापक,4 शिक्षक का प्रावधान था।शिक्षकों को उनके पुराने सेटअप 2008 के अनुसार स्थान व पदस्थापना होनी चाहिए,जिससे शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा में योगदान दे सके,शासन द्वारा लागू युक्तियुक्तकरण नियमावली अनुसार वरिष्ठ शिक्षक को प्रभावित किया जा रहा है जबकि उन संस्थाओं में विगत वर्षों में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी,जो कि परिवीक्षा अवधि में है,नियमानुसार परिवीक्षा अवधि वाले शिक्षको को प्रभावित नही करना है,जो कि अनुचित है जिससे सीनियर प्रभावित हो रहे और जूनियर को लाभ हो रहा।बैठक में शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक राजेश मिश्रा,कैलाश रामटेके,अलीम रिज़्वी के साथ जिले के प्रमुख संगठन के रूप में केडी राय,विजय झाड़े,पुरषोत्तम झाड़ी,महेश शेट्टी, विजय चापड़ी,बाबूलाल गांधरला,योगेश बासम,संजय चिंतूर,महेश यालम,प्रेम प्रकाश चापड़ी,चंद्रशेखर वासम आदि सम्मिलित थे।

### यातायात नियमों की अनदेखी पर पुलिस की सख्ती जारी, 30 मामलों में 14,000 वसूला



**बीजापुर, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से बीजापुर पुलिस द्वारा जिले में निरंतर यातायात नियमों के पालन हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में दिनांक 30.05.2025 को यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा जिला मुख्यालय मे विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 30 मामलों में चालान की कार्रवाई करते हुए ?14,000/- (चौदह हजार रुपये) का समन शुल्क वसूला गया।इस विशेष अभियान में कई प्रकार के यातायात नियम उल्लंघन सामने आए, जिनमें प्रमुख रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग न करना, वाहन में अवैध रूप से हूटर/एलईडी लाइट लगाना, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाना, काले शीशों (ब्लैक फिल्म) का प्रयोग, ओवरलोडिंग तथा मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना शामिल हैं।यह अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकांत गवर्ना, यातायात नोडल अधिकारी उपपुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार साहू एवं यातायात प्रभारी उप पुलिस निरीक्षक श्री केशव ठाकुर के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।यातायात नोडल अधिकारी उपपुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार साहू ने इस अवसर पर नागरिकों को संदेश देते हुए कहा सड़क पर आपकी छोटी सी लापरवाही किसी की ज़िंदगी छीन सकती है। यातायात नियमों का पालन करना केवल कानून का हिस्सा नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। हम सभी से अपेक्षा है कि हम खुद भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। हर वाहन चालक को यह समझना होगा कि हेलमेट और सीट बेल्ट कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का कवच हैं। यदि हम एक जागरूक नागरिक बनकर चलें, तो कई अनमोल ज़िंदगियाँ बचाई जा सकती हैं।

### नगरपालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में समाधान शिविर आयोजित



**बीजापुर, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर नगरपालिका अर्न्तगत वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 हेतु समाधान शिविर का आयोजन माध्यमिक शाला संजय पारा परिसर में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर में उपस्थित वार्ड वासियों को उनके प्रकरणों के निराकरण की जानकारी एवं शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुऐ पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया शिविर में बाल विवाह मुक्त बीजापुर एवं बेटी-बचाओं, बेटी पढ़ाओं की शपथ ली गई। इस दौरान सीएमओ श्री बंशीलाल नुरेटी सहित वार्ड पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी मौजूद थे।

### सिविक एक्शन प्रोग्राम से ग्रामीणों की जरूरत हो रही है पूरी



**बीजापुर, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 30/05/2025 को सी एंव एफ 199 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा प्राथमिक शाला गलगम, थाना-उसुर, जिला- बिजापुर (छत्तीसगढ़) में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । जिसमें गांव गलगम, नडपल्ली, ईटागुडा, सरपंच पारा, पाटेल पारा, पुजारीपारा, और स्कुलपारा के महिला-पुरूष और स्कुल के छात्र-छात्राए शामिल हुए । कार्यक्रम के अन्तर्गत गांव के महिला-पुरुष, बूढ़े बुजुर्ग औरत एवं बच्चों को साईकिल वर्तन, कम्बल, साड़ी गमछा लुंगी, चप्पल, सिनटेक्स, फावड़ा, कुल्हाड़ी, सोलर लैम्प, स्कुल युनिफार्म, स्कुल बैग पेन पेन्सिल, किकेट किट वॉलीबाल किट, फुटबाल किट आदि सामानों का वितरण किया गया । उपरोक्त सिविक एक्शन प्रोग्राम में श्री आनन्द कुमार, (कमांडेंट-199 बटा), एमकेचकवर्ती, (सहायक कमांडेंट), दिपांकर दास, (सहायक कमांडेंट) तथा ग्राम पंचायत गलगम के सरपंच श्री मती सुशीला काका और उप सरपंच अनिल नक्का उपस्थित थे । सी एंव एफ-199 वीं वाहिनी द्वारा आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम की स्थानीय ग्रामीणों और उपस्थित सभी व्यक्तियो ने भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

### रिमझिम बारिश के बीच मुख्यमंत्री पहुंचे धमतरी के समाधान शिविर में, कमल के हार से मुख्यमंत्री का जोशीला स्वागत

# सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के समाधान का अभियान:मुख्यमंत्री

**धमतरी , 1 जून।** रिमझिम बारिश के बीच आज धमतरी के समाधान शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नागरिकों की मांग पर 213 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने हाईटेक बस स्टैण्ड, अत्याधुनिक ऑडिटोरियम और तीन सड़कों के निर्माण की मंजूरी दी। आज जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिशन मोड में प्रदेश भर में पिछले 54 दिनों से संचालित सुशासन तिहार का आज धमतरी के पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित इस समाधान शिविर और समीक्षा बैठक के बाद समापन हो गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी के समाधान शिविर में आमजनों से योजनाओं की मैदानी स्थिति की जानकारी ली और व्यक्तिगत रूप से आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिमझिम बारिश के बावजूद जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। कमल के फूलों के हार के साथ हजारों की संख्या में नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोशिला स्वागत किया।

धमतरी में बड़ी घोषणाएंः-सुशासन त्योहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी जिले की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए 213 करोड़ रुपये के कार्यों की सौगात दी। उन्होंने धमतरी में हाईटेक बस स्टैंड के लिए 18 करोड़ रूपए, एक सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम के लिए 10 करोड़ 50 लाख रूपए, सिहावा चौक से कोलियारी तक फोर लेन सड़क निर्माण 5 किलोमीटर के लिए 69 करोड़ रुपए, रत्नाबन्धा से मुजगहन तक फोरलेन सड़क के लिए 56 करोड़ रूपए और धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग नवीनीकरण और



मजबूतीकरण के लिए 60 करोड़ रुपए की घोषणा की।

सुशासन के मायने अच्छा शासन मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन का अर्थ है -अच्छा शासन। 'सुशासन तिहार' आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित त्योहार है। 8 अप्रैल से शुरू हुए इस महाअभियान के प्रथम चरण में राज्य के प्रत्येक जिले में ग्रामीणों से आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में आवेदनों पर कार्यवाही की गई और तृतीय चरण में 08 से 10 ग्राम पंचायतों के बीच समाधान शिविरों का आयोजन कर आवेदनों के निराकरण की जानकारी हितग्राहियों को दी गई। सुशासन तिहार के दौरान अचानक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की चौपाल में लोगों से फीडबैक लिया गया और उनकी समस्याओं का यथासंभव समाधान किया गया। इस दौरान विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेशभर में 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन जनता के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का मतलब है, पूरी होने की गारंटी। पूर्व सरकार के कार्यकाल में जिन 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित किया गया था, उनकी चिंता करते हुए हमारी सरकार ने पहली ही कैबिनेट में इन सभी आवासों को स्वीकृति दी। अब तक लाखों हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया जा चुका है। हाल ही में बिलासपुर में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 3 लाख आवास और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंबिकापुर के कार्यक्रम में 51 हजार से अधिक आवासों का गृहप्रवेश कराया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित माओवादियों और पीड़ित परिवारों के लिए विशेष 15,000 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही विशेष जनजातियों कोरवा, पहाड़ी कोरवा, अबुझमाड़िया आदि के लिए 32,000 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए गए हैं। यह सभी पहल दर्शाती हैं कि सरकार समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 70 लाख से अधिक माताओं को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला का नाम छूट गया है या विवाह के बाद नाम अपडेट करना है, तो उसकी भी सुविधा आगे दी जाएगी। सरकार पूरी संवेदनशीलता से सभी को योजना से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री रामलला दर्शन योजना' और 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत बुजुर्गों को लाभ मिल रहा है।योजनाओं की जानी हकीकत मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही जोधापुर डाकबंगला वार्ड की श्रीमती सुधा मारकण्डे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें पक्का मकान मिल गया है और अब पानी टपकने और कीड़े-मकोड़े आदि का डर नहीं है। लखपति दीदी श्रीमती संतोषी हिरवानी ने बताया कि वह आजीविका के लिए मुर्गीपालन के साथ ही मछलीपालन, पशुपालन, मशरूम उत्पादन आदि का व्यवसाय कर रही हैं, इससे उन्हें 12 हजार रूपये की अतिरिक्त आय हो रही है। कला केन्द्र में कराटे और डांसिंग सिखाने वाले वेदप्रकाश साहू ने कहा कि, कलाकेन्द्र स्थापित होने से उन्हें रोजगार का अवसर मिला। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के हितग्राही श्री घनाराम रजवाड़े ने कार्ड के जरिए मिल रही निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है।कार्यक्रम में राजस्व मंत्री और धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सार्वा, महापौर श्री रामू रोहरा, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, श्री इंदर चोपड़ा, श्रीमती पिंकी शाह, श्री श्रवण मरकाम सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसवराजु एस., आयुक्त, रायपुर संभाग श्री महादेव कांवरे, कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### सिदक कौर ने 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्राप्त किए 95.2%अंक

**भाटापारा, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मनमीत सिंह रविन्दर सलूजा की सुपुत्री सिदक कौर सलूजा ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा से सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 वीं में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर सहित समाज को गौरान्वित किया है। सिदक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता.पिता एवं स्कूल को दिया है क्योंकि मेरे माता.पिता और स्कूल ने मुझे कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया था उनकी इस सफलता के लिए बधाई देने वालों में नरेन्द्र सिंह बाली, राजू चावला, हरभगवान सिंह गुम्बर, त्रिलोक सिंह सलूजा, राजा गुम्बर, राजा टूटेजा, प्रेम सेठी, कन्हैया सेठी, सोनू छाबड़ा, उच्चा आनंद, सुशील सेठी, डाबी सलूजा, कुलवंत गुम्बर, हरीश छाबड़ा, गुरबक्स गुम्बर, मनेन्द्र सिंह गुम्बर, श्याम शर्मा, नरेश शर्मा, तंजीव अरोरा, जोन्टी गुम्बर, सिरजन गुम्बर, गगन आनंद आदि ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### महिला आयोग प्रकरणों की सुनवाई 6 जून को करेगा

**बलौदाबाजार, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा जिले से सम्बंधित प्रकरणों की सुनवाई 6 जून 2025 को की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, सदस्य लक्ष्मी वर्मा एवं सरला कोसरिया की उपस्थिति में सुनवाई जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में प्रातः 11बजे से प्रारम्भ होगा। सुनवाई हेतु कुल 26 प्रकरण तय किया गया है।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाला शराब कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 30 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोनारी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 9200 कीमत मूल्य का 10 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 60 पाव अंग्रेजी गोवा शराब जप्त किया गया है।

### अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के लिए भौतिक लक्ष्य निर्धारित

**बलौदाबाजार, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बलौदाबाजार अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत 351 एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनांतर्गत 19 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बलौदाबाजार विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 118 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 3, भाटापारा विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 101 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 1, कसडोल विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 30 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 5, पलारी विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 40 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 4 एवं विकासखण्ड सिमगा के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 62 एवं आदिवासी 6 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### संपर्क केंद्र की सक्रियता से अवैध रेत खनन पर प्रभावी नियंत्रण

**बलौदाबाजार, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व में अवैध रेत खनन के खिलाफ़कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले का संपर्क केंद्र कंट्रोल रूम के रूप में काम कर रहा है जहाँ अब तक 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिन पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। संपर्क केंद्र में दूरभाष के माध्यम से अवैध रेत खनन के विषय में ओटेबंद क्षेत्र से 6, चकरवाय खैरघाट शिवनाथ नदी क्षेत्र से 7, मानाकोनी क्षेत्र 2, दतान ख महानदी क्षेत्र 15 और भालूकोना से प्राप्त 2 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। इस सभी प्रकरणों में नियमानुसार जुर्माना वसूला गया।इसके अलावा रिंगनी, डोंगरिया, केसदा, कोड़ापारा, सेमरिया, खोखली, तरेंगा, सुमा, सुरखी, दावनबोड़, बोड़तरा, जरौद, मुढ़ीपार हसुवा से अवैध मुरूम खनन की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### कला जत्था ने ग्राम रावन में दिया जल संरक्षण का सन्देश

**बलौदाबाजार, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल संरक्षण को लेकर आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम रावन में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला जत्था के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल के समुचित उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कला जत्था की टीम ने नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और संवादों के माध्यम से ग्रामीणों को जल की महत्ता समझाई और बताया कि किस प्रकार हम सभी मिलकर जल संकट से बच सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा व बच्चे उपस्थित रहे और उन्होंने प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए जल संरक्षण की शपथ भी ली।कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को जल संरक्षण से संबंधित पम्पलेट व जानकारी सामग्री भी वितरित की गई।

# विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने नन्हे बाल कलाकारों को किया शरबत वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 1 जून।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ के द्वारा शनिवार को नगर पालिका कन्या शाला में विभिन्न विद्या में महारत हासिल करने वाले नन्हे बाल कलाकारों के बीच पहुंच कर उन्हें शरबत का वितरण करते हुए उनके लगन और इच्छा शक्ति की तारीफ करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।वही महिलाओं ने तंबाखू निषेध प्रदर्शनी का रेलवे स्टेशन पहुंचकर उसका अवलोकन करते हुए लोगो से सभी प्रकार के नशा से दूर रहने का आह्वान किया।गत दिवस शनि जयंती के अवसर पर भी विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने जरूरत मंदो को छाता, चप्पल, इत्यादि का वितरण कर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया था।

विप्र फाउंडेशन महिला शाखा अध्यक्ष उमा शर्मा के नेतृत्व में इस सामाजिक संस्था से जुड़ी महिलाओं बबीता भृगु, शिवानी शर्मा, , किरण जोशी, आशा पुरोहित, शशि पांडे, मीता शर्मा इत्यादि महिलाओं ने किरण इवेंट फ्यूजन के द्वारा नगरपालिका कन्या शाला में चलाए जा रहे निःशुल्क समर कैम्प में मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, करसीव राइटिंग, डांस का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नन्हे बाल कलाकारों के मध्य पहुंचकर



बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन सभी बच्चों के द्वारा की जा रही मेहनत, लगन और उनकी इच्छा शक्ति की जमकर तारीफकरते हुए ना केवल बच्चों का उत्साह वर्धन किया, बल्कि वहां उपस्थित आयोजक अरुण बंटी छाबड़ा, अनीता छाबड़ा, सीमा मल का धन्यवाद दिया, जो इतनी मेहनत कर लगभग 250 से ऊपर की संख्या में उपस्थित बच्चों को प्रातः साढ़े 7 बजे से साढ़े 10 बजे तक निःशुल्क उन्हें विभिन्न विद्या में पारंगत करने में लगे हुए है।इस अवसर पर सभी बच्चों को विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने शरबत पिलाया।वही विप्र फाउंडेशन की महिलाओं का बच्चों का उत्साह वर्धन करने आयोजन स्थल पहुंचने पर अनीता अरुण छाबड़ा ने पुष्प गुच्छ दे कर सभी का आभार व्यक्त किया।

विप्र फाउंडेशन की अध्यक्ष उमा रेखू शर्मा ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी द्वारा रेलवे स्टेशन पर लगाई गई तंबाखू निषेध प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और वहां उपस्थित बी के मंजू दीदी के साथ लोगों से नशापान से दूर रहने का आह्वान किया।विदित हो कि गत शनि जयंती के अवसर पर भी विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने महाकाल मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ साथ जरूरत मंदो को रेलवे स्टेशन पर छाता, गमछा, चप्पल एवम शरबत का वितरण किया था।

महिला प्रकोष्ठ विप्र फाउंडेशन की अध्यक्ष उमा शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसी तरह भविष्य में ऐसे ही नेक कार्य करने अपना सहयोग देते रहने का आग्रह किया।

### राजस्व मंत्री ने किया प्रार्थना शेड का लोकार्पण और सीसी रोड का भूमिपूजन

# लोगों की समस्याओं का समाधान व योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : टंकराम

■ रावन शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 63 हितग्राही हुए लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 जून।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत रावन में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथना शेड का लोकार्पण एवं लगभग 50 लाख की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत बनने वालेसी सी रोड का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम अर्जुनी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण एवं ग्राम बासीन में जलाशय के सुरंग का पूर्ण रूप से बंद करने हेतु 11 लाख रुपये की स्वीकृति दी।राजस्व मंत्री ने विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 63 हितग्राहियो को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। शिविर को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का जिले में आज अंतिम पड़ाव है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं एवं मंत्री, सांसद और विधायक गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है



और उसका निराकरण कर रहे है। लोगों की समस्या का समाधान और योजनाओं को सभी पात्र हितग्राहियो तक पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी के सौ फीसदी वायदे को 100 दिन में पूरा किया है। यह योजना लागू होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है जिससे आर्थिक समृद्धि व खुशहाली आई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले को 239152 आवेदन मिले हैं जिसमें से सभी आवेदनों का निराकरण हो गया है। रावन क्लस्टर में 9 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। क्लस्टर अंतर्गत कुल 3960आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 3830 मांग एवं 30 शिकायत से सम्बधित हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत राम पाल, उपाध्यक्ष गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य मोहन वर्मा जनपद सदस्य पूर्णिमा लहरी, लक्ष्मी बघेल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### राजस्व मंत्री ने जिला अस्पताल में उपचाररत घायलों का जाना हाल

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आज जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने आकाशीय बिजली गिरने से झुलस जाने के कारण ईलाज हेतु भर्ती लोगों से मिलकर उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने उपचाररत सभी से मिले और उनके स्वास्थ्य एवं ईलाज की जानकारी ली।इसके साथ ही घटना के बारे में भी पूछ -ताछ की। उन्होंने वहां उपस्थित परिजनों से भी मुलकात की। बेहतर ईलाज हेतु चिकित्सकों को निर्देशित किया। राजस्व मंत्री वर्मा ने सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी से उपचाररत सभी पीड़ितों की स्थिति की जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती 8 लोगों का ईलाज जारी है तथा उनकी स्थिति सामान्य है। आज अपरान्ह तक सभी को डिस्चार्ज कर दिया जयेगा। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ईलाज हेतु निजी अस्पताल में भर्ती है।इस दौरान राजस्व मंत्री ने अस्पताल में ईलाज कराने आये मरीजों से भी मिले और अस्पताल में मिल रहे ईलाज व सुविधाओं के बारे में पूछ -ताछ की। उन्होंने मातृ एवं शिशु अस्पताल का भी जायजा लिया और माह में डिलीवरी की संख्या व सुविधाओं की जानकारी ली।

# जिलाबदर आरोपी को पुलिस ने कसडोल से किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल/सोनाखान, 1 जून।** कसडोल थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने समाधान सेल के माध्यम से मिली महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर जिला बदर आरोपी विशाल साहू को गिरफ्तार किया है।

आरोपी छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत पहले ही जिला बदर घोषित किया गया था, बावजूद इसके वह पारस नगर, कसडोल क्षेत्र में खुलेआम घूमता पाया गया।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सुखेन नायक, प्रधान आरक्षक देवेंद्र देवांगन, आरक्षक आशुतोष बंजारे, प्रताप बंजारे एवं महिला आरक्षक सरस्वती नेटी शामिल रहे।जानकारी के अनुसार, आरोपी विशाल साहू को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा सहित आसपास के सीमावर्ती जिलों से बाहर जाने का आदेश जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। आदेश में यह स्पष्ट निर्देश था कि आरोपी बिना न्यायालय की अनुमति के जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकता।

आज समाधान सेल में प्राप्त सूचना से यह पुष्टि हुई कि आरोपी कसडोल नगर में घूम रहा है, जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।पूछताछ में आरोपी ने यह स्वीकार किया कि वह जिला बदर होने की जानकारी के बावजूद कसडोल नगर में घूम रहा था। यह कृत्य छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है, जिस पर पुलिस द्वारा विधिसंगत गिरफ्तारी की गई है तथा आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है।आरोपी का विवरणःनामः विशाल साहू (22) पारस नगर, कसडोल, थाना कसडोल समाधान सेल बनी आम जनता की सुरक्षा की मजबूत कड़ीसमाधान सेल पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की पहल पर जिले में लागू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान एवं अपराध नियंत्रण है। इस योजना के तहत नागरिक समाधान हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से किसी भी प्रकार की सूचना अथवा शिकायत साझा कर सकते हैं।पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने आसपास की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत समाधान हेल्पलाइन पर दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और समाज को सुरक्षित बनाया जा सके।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर भिभोरी का प्रमाणीकरण हुआ



**तिल्दा-नेवरा, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 31 मई को विकासखंड तिल्दा में एक और आयुष्मान आरोग्य मंदिर भिभोरी का राष्ट्रिय स्तर का गुणवत्ता नियंत्रण प्रमाणीकरण का वर्चुअल असेसमेंट पूर्ण किया गया। ब्लाक मेडिकल अधिकारी उमा पेकरा और चिकित्सक कर्मचारियों के सहयोग से लगातार प्रयास एवं टीम के समन्वय से यह कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ। उक्त जानकारी बीपीएम ममता सुनवानी ने दी है।

# समुदाय को तंबाकूमुक्त,स्वस्थ बनाने की शपथ ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 1 जून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ओर मितानिन आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं ने 31 मई को विश्व तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त बच्चों के लिए अभियान तंबाकू से होने वाली मृत्यु और बीमारी से मुक्त दुनिया के लिए लड़ रहा है। हम निम्न और मध्यम आय वाले देशों में काम करते हैं - जहाँ दुनिया के 80 प्रतिशत से अधिक धूम्रपान करने वाले रहते हैं - तंबाकू के उपयोग को कम करने और जीवन बचाने वाले सिद्ध समाधानों को अपनाने का संकल्प बीएमओ डॉ उमा पेकरा एव बीपीएम ममता सुनानी दिलवाया। एवं स्वयं



को और अपने समुदाय को तंबाखू मुक्त एवं स्वस्थ बनाने की शपथ ले कर स्वस्थ रहने का संकल्प दिलवाया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से वैज्ञानिकों ने किया सीधा संवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 जून।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को विकासखंड बलौदाबाजार के सहकारी समिति तिल्दा एवं सीरियाडीह,पलारी के अमेरा एवं छेरकापुर, कसडोल के बोरसी एवं मुढ़ीपार में विकसित कृषि संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि वैज्ञानिको ने किसानों से सीधा संवाद करते हुए कृषि तकनिकों और उन्नत कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में 848 कृषक, 49 जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। किसानों को धान की कतार बोनी,पेड़ी ट्रांसप्लांटर से रोपाई तथा सोयाबीन की बीबीएफ पद्धति एवं उन्नत फ़ार्म मशीनरी का उपयोग जैसे विषयो में किसानों को प्रशिक्षित किया गया। पराली जलाने से होने वाले नुकसान से किसानों को अवगत कराते हुए मल्चर यन्त्र का प्रदर्शन भी किया गया। शिविर में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती,मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग, कृषि ड्रोन के माध्यम से उर्वरक छिड़काव और आधुनिक कृषि यंत्रो के उपयोग कि जानकारी दी गई।कृषि विज्ञान केंद्र एवं ईफ्को के सहयोग से ड्रोन का लाईव प्रदर्शन कर किसानों को इसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। शिविर में विशेष रूप से फ़सल चक्र परिवर्तन, फ़सल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आयल पॉम एग्रीस्टेक योजना,पराली प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनिकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान किसानों को बीज़, उर्वरक और अन्य कृषि आदान सामग्री का वितरण किया गया।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर किया पत्रकारों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 1 जून।** नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा की पार्षद एवं सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र मालू राम शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता लोकतन्त्र का चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का नाम है। जिसको सभी पत्रकार बंधुओं को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।

प्रेस कलब अध्यक्ष जैनेन्द्र बघेल ने कहा कि पत्रकारिता वह विस्तृत क्षेत्र है,



जिसके माध्यम से समाज को नई दिशा मिलती है। वरिष्ठ पत्रकार रमेश बतरा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी हिंदी पत्रकारिता की भूमिका स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।

इस दौरान पत्रकारों को डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, भाजपा महामंत्री सौरभ जैन, पत्रकार रमेश रिंकू अग्रवाल, मोती ज्ञानचंदानी, गौरी शंकर सैनी, देवेंद्र वर्मा, पवन बघेल, धीरेन्द्र जायसवाल, नीतिन जायसवाल, बंशी यादव, राजू वर्मा, गोवर्धन यदु, प्रदीप पंडा, दिलीप वर्मा, राजकुमार बंजारे, शेखर यदु, राजेंद्र साहू, सोनू पंजवानी, ललित अग्रवाल, रितेश वाधवा, निखील वाधवा, के साथ साथ तिल्दा नेवरा क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा की पार्षद एवं सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा किया गया।

रानी सौरभ जैन ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। वे समाज की कुरीतियों और दुर्व्यवस्थाओं को बेझिझक सामने लाते हैं। पत्रकारों को कई बार मुश्किल हालातों से भी गुजरना पड़ता है, लेकिन उनके साहस को सलाम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर वे हर स्तर पर पत्रकारों के साथ खड़े रहेंगे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202505092100012
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक चंद्रकांता गढ़ेवाल पति-स्व. गिरधारी गढ़ेवाल, जाति गढ़ेवाल, उम्र 64 वर्ष, निवासी खुटापारा वार्ड नं. 01 डोंगरगढ़, थाना व तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के पति स्व. गिरधारी गढ़ेवाल के भूमि स्वामित्व व आधिपत्य में एकल खाते में नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित भूमि जिसका शीट क्रमांक-03 प.ह.नं.-25 भू. खण्ड क्रमांक 130 का क्षेत्रफल-941 वर्गफुट भू-भाटक-2.50 रू. हैं। उक्त भूमि के भूमिस्वामि मेरे पति गिरधारी गढ़ेवाल का स्वर्गवास विगत दिनांक-01/12/2020 को हो चुका है। उपरोक्त खसरा स्थित भूमि का फौती दर्ज कर उत्तराधिकारीयों एवं वारिशानों गिरधारी गढ़ेवाल (फौत), गोविन्द गढ़ेवाल (पुत्र) अशोक सिंह गढ़ेवाल, (पुत्र) ज्योति ब्रम्हे, (पुत्री) चंद्रकांता गढ़ेवाल (पत्नी) का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 06/06/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

### लोकमाता रानी अहिल्याबाई की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में

# प्रशासन व्यवस्था,आत्मनिर्भर व सुरक्षित समृद्ध समाज पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 1 जून।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा की नियमित मासिक बैठक प्रत्येक माह की अंतिम दिवस पर आयोजित की जाती है। 31मई की बैठक के दिन लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उनके परिपूर्ण प्रशासन व्यवस्था, आत्मनिर्भर समाज, और सुरक्षित समृद्ध समाज पर चर्चा की गई।

यह जानकारी देते हुए संघ के महासचिव अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर महिला जागृति एवं सशक्तिकरण का ज्वलंत उदाहरण है।कवि, साहित्यकार गोपाल प्रसाद वर्मा ने लोकमाता के जीवन और समाज में उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए समसामयिक रचना से सबको भावविभोर कर दिया। कृष्ण मुरारी वर्मा, टापलाल



वर्मा, यशवन्त वर्मा ने भी इस विषय पर चर्चा करते हुए अपनी रचनाओं का वाचन किया। संगोष्ठी के उपरांत जिन साथियों का जन्मदिन मई माह में पड़ता है उनका जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया।छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडेय ने टापलाल वर्मा, टीकाराम वर्मा, घनश्याम वर्मा, रामशरण वर्मा और फत्तेलाल सिन्हा का गुलाल फूल से सम्मानित करते हुए उनका मुंह मीठा कराया।

इस अवसर पर आयकर रिटर्न फाइल करने संबंधित जानकारी भी दी गई। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडेय ने लेवन प्रसाद वर्मा को संघ का कोषाध्यक्ष और घनश्याम वर्मा को सहकोषाध्यक्ष मनोनीत किया।इस कार्यक्रम में जवाहरलाल सिरमौर, तुलसीराम वर्मा, घनश्याम वर्मा, गोपाल वर्मा, यशवंत वर्मा, टापलाल वर्मा, एम. आर. साहू, रघुनंदन लाल शांडिल्य, ईश्वर प्रसाद वर्मा, आर. सी. वर्मा, एस. एन. गुप्ता, फेकूराम वर्मा, कृष्ण मुरारी वर्मा, घनश्याम वर्मा, हिन्छाराम निर्मल कर, हनुमान प्रसाद साहू, टीकाराम वर्मा, हेमकुमार धुरंधर दानीराम वर्मा, एम. पी. पांडेय, नकुलप्रसाद वर्मा, चिन्ता राम वर्मा सहित अनेक साथियों ने इस संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।अंत में स्वर्गीय भोला प्रसाद शर्मा की मृत्यु पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## एक नजर

### गली में खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 1 जून।** ड्राइवर गली सिविल लाइन के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खन्नु दास 26 वर्ष सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 वीडब्लू 5526 को सिविल लाइन स्थित ड्राइवर गली में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो मोटर साइकिल आपस में टकराई, बुजुर्ग की मौत

**रायपुर, 1 जून।** ग्राम मोहंदी में दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जालंधर प्रसाद वर्मा 66 वर्ष ग्राम मोहंदी का रहने वाला था। बताया जाता है कि जालंधर अपने एक साथी टिकेश्वर वर्मा के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीटी 6967 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे जालंधर की मौत हो गई। वहीं टिकेश्वर घायल है। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### यात्री की जेब से 39 हजार से अधिक रकम पार

**रायपुर, 1 जून।** आक्सीजोन गार्डन के पास ऑटो चालक ने युवक के जेब से 39500 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योधराम यादव 42 वर्ष ग्राम फरफौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह ऑटो क्रमांक सीजी 04 टी 6783 में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी ऑक्सीजोन गार्डन के पास ऑटो चालक ने ऑटो खराब हो गया कहते हुए प्रार्थी को दूसरे ऑटो में बिठा दिया। जब प्रार्थी ने अपने जेब को चेक किया तो उसमें नकदी 39500 रुपए गायब था। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना में की। मामले में पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निधन

### शशिकला देवी



**रायपुर, 1 जून।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संदीप दवे की माता श्रीमती शशिकला देवी का आज निधन हो गया है। उनकी शव यात्रा आज शाम 4 बजे उनके निवास वीआईपी रोड से मारवाड़ी श्मशान घाट जाएगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**रायपुर, 1 जून।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने आज रायपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के फैसले सीधे-सीधे छात्रों के भविष्य और उनके मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात हैं।

सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश के 10, 000 से अधिक स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जो विशेष रूप से गरीब, ग्रामीण, आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा तक पहुंच को सीमित करता है। यह न केवल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धाराओं 3, 4 और 6 का उल्लंघन है, बल्कि संविधान की धारा 21ए की भावना के भी विपरीत है, जो 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करता है। नीरज पांडेय ने यह भी कहा कि सरकार एक ओर 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा करती है, वहीं दूसरी ओर स्कूलों को बंद कर रही है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब स्कूल ही नहीं रहेंगे तो शिक्षक किसे और कहाँ पढ़ाएंगे? उन्होंने यह आरोप लगाया कि यह वादा मात्र एक चुनावी जुमला बनकर रह गया है। हस्ढ्ढ ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को तुरंत शुरू किया जाए और यह प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होनी चाहिए।

**विश्वविद्यालय के कुलपति लगे हुए हैं एबीवीपी पदाधिकारियों के स्वागत में :** एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने आईजीकवी कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल पर आरोप लगाया कि वे विश्वविद्यालय को शिक्षा केंद्र बनाने की बजाय आरएसएस और एबीवीपी का कार्यालय बना रहे हैं।



पं. रविशंकर शुक्ल और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति भी एबीवीपी कार्यक्रमों में सक्रिय रहे, जो शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कुलपति शिक्षा के बजाय राजनीतिक एजेंडा चला रहे हैं, छात्रों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, और कर्मचारियों को वेतन के लिए धरना देना पड़ता है। एनएसयूआई ने राज्यपाल से ऐसे कुलपतियों को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष ने सीजीसेट परीक्षा परिणाम में हो रही देरी को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि परीक्षा आयोजित हुए एक साल से अधिक हो गया है, लेकिन परिणाम अब तक घोषित नहीं हुए हैं। इससे हज़ारों छात्र मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक दबाव में हैं। एनएसयूआई ने यह मांग की है कि परिणाम अविलंब और पारदर्शी तरीके से जारी किए जाएं तथा इस देरी के कारणों की रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत की जाए।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के कई सरकारी स्कूलों को बिजली विभाग द्वारा बिल भुगतान के नोटिस भेजे जा रहे हैं। फंडिंग की कमी के चलते छात्र भीषण गर्मी में बिना बिजली, पंखे और रोशनी के पढ़ाई करने को मजबूर हैं। यह सरकार की शिक्षा व्यवस्था के प्रति असंवेदनशीलता और उपेक्षा को दर्शाता है। एनएसयूआई ने सरकार से यह भी सवाल किया कि क्या स्कूल बंद करना बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं है? क्या यह इस बात का प्रमाण नहीं है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शिक्षा नहीं, बल्कि केवल प्रचार और आंकड़ों का खेल रह गया है? एनएसयूआई ने अपनी माँगें स्पष्ट रूप से सामने रखी हैं। युक्तियुक्तकरण नीति को तत्काल वापस लिया जाए, 57000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए, ष्टत्रस्श्वञ्ज परीक्षा परिणाम तुरंत घोषित किया जाए, सरकारी स्कूलों को समय पर बिजली, फंडिंग और मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं, और शिक्षा के अधिकार कानून तथा संविधान का पूर्ण सम्मान किया जाए।

राष्ट्रीय प्रवक्ता संजीव शुक्ला ने अंत में कहा कि एनएसयूआई शिक्षा को एक अधिकार मानती है, कोई सौदा नहीं। हम छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देंगे और इस अन्याय के खिलाफ हर मोर्चे पर संघर्ष जारी रखेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय प्रवक्ता संजीव शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महामंत्री हेमंत पाल, मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा, पुनेशवर लहरे, अतीक मेमन, अंकित बंजारे उपस्थित हुए।

## मरीन ड्राइव में हादसा

# सड़क पर गिरा होर्डिंग का फ्रेम, दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त



**रायपुर, 1 जून।** राजधानी के मरीन ड्राइव चौक पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब तिरंगा यात्रा के दौरान एक विशालकाय होर्डिंग का लोहे का फ्रेम गिर पड़ा। हादसे में दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि सवारों को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के चलते इलाके में कुछ देर तक ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी रही।

**पुराने होर्डिंग बन रहे जानलेवा खतरा:** बारिश और आंधी-तूफान के इन दिनों में पुराने व जर्जर होर्डिंग व स्वागत गेट के स्ट्रक्चर गिरने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। निगम प्रशासन ने पिछले महीने स्ट्रक्चर की जांच और एड फर्मों से सुरक्षा गारंटी सर्टिफिकेट मांगा था, लेकिन यह अभियान शुरू होते ही ठंडे बस्ते में चला गया।

**सैकड़ों होर्डिंग हादसे को न्योता दे रहे:** शहरभर में लगे सैकड़ों कमजोर और झुके हुए होर्डिंग, निगम की अनदेखी के कारण किसी बड़ी अनहोनी को दावत दे रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं कि निगम कब तक हादसे के इंतजार में बैठा रहेगा?

शहरवासियों की सुरक्षा के लिए पुराने और असुरक्षित होर्डिंग्स पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। प्रशासन को चाहिए कि सभी स्ट्रक्चर्स की दोबारा जांच कराए और असुरक्षित होर्डिंग्स को तत्काल हटवाए, ताकि भविष्य में कोई जानलेवा हादसा न हो।

# रायपुर में मंत्री व विधायकों ने मनाया विश्व साइकिल दिवस

**रायपुर, 1 जून।** विश्व साइकिल दिवस से पहले राजधानी रायपुर में रविवार को साइकिल रैली निकाली गई. इस रैली में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब और मोतीलाल साहू समेत कई लोग शामिल हुए. रैली का मकसद लोगों को सेहत और फिटनेस के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना था। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और जब भी मौका मिले, हर किसी को साइकिल जरूर चलानी चाहिए. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार भी लोगों को स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर रही है. 3 जून को साइकिल दिवस मनाया जाता है, चूंकि आज रविवार है इसलिए राजधानी में आज साइकिल दिवस मनाया जा रहा है. विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि साइकिल चलाने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. जब व्यक्ति फिट होता है तो वह अपने कार्यों में पूरी एकाग्रता और ऊर्जा के साथ जुड़ता है. उन्होंने कहा कि जीवन में साइकिल चलाना जरूरी है क्योंकि यह हमें फिट रखता है।



# धान की नीलामी में नहीं आ रहे खरीदार

**रायपुर, 1 जून।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2024 25 के तहत समर्थन मूल्य पर खरीदे गए अतिशेष धान का निराकरण राज्य शासन के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है। अतिशेष धान का तेजी से निराकरण करने राइस मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए राशि के बदले अतिशेष धान प्रदाय करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

यह शर्त भी रखी जा रही है कि मिलर्स जितनी मात्रा में अतिशेष धान खरीदेंगे, उतनी ही मात्रा में उन्हें मिलिंग कार्य के बदले धान दिया जाएगा। प्रदेश में राइस मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए हर साल लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। इस तरह 3 हजार करोड़ रुपए कीमत के अतिशेष धान का निराकरण होने की उम्मीद है। बताया गया है कि प्रदेश में अतिशेष धान के की नीलामी के बाद भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। राइस मिलर्स भी शासन द्वारा निर्धारित विक्रय दर पर धान खरीदने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि अभी तक सिर्फ12 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी हो पाई है। जबकि इस साल प्रदेश के 82 संग्रहण केन्द्रों में कुल 32 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान की नीलामी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर की जा रही है। 20 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी अभी बाको है। पूरा धान नहीं बिकने की स्थिति में मानसून के दौरान इसके रखरखाव पर भी अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ेगी। मार्कफेड के मुताबिक प्रदेश में अब तक 10 हजार स्टेक (लगभग 12 लाख मीट्रिक) धान की नीलामी हुई है, इनमें से करीब 5.5 लाख मीट्रिक टन धान का पैसा मार्कफेड के पास आ चुका है और इसका उठाव भी जारी है।

### विश्व साइकिल दिवस के लिए लगाया गया सेटअप गिरा, मजदूर घायल

**रायपुर, 1 जून।** राजधानी रायपुर में विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एक हादसा हो गया, जिसमें ट्रस का सेटअप निकालते समय एंगल गिरने से एक मजदूर घायल हो गया, वहीं एंगल के गिरने से एक कार को नुकसान पहुंचा है, वहीं उसका ड्राइवर चोटिल हो गया.

बता दें कि विश्न साइकिल दिवस पर मरीन ड्राइव चौक पर जर्मन का एंगल गेट लगाया गया था. आयोजन की समाप्ति पर ट्रस का सेटअप निकालते वक्त एंगल गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक मजदूर घायल हो गया, वहीं सिग्नल पर खड़े कार का सनरूफ एंगल गिरने की वजह से टूट गया. मौके पर तेलीबांधा थाना पुलिस मौजूद है.

# बड़े भाई ने छोटे भाई पर हथौड़े से किया जानलेवा हमला

**रायपुर, 1 जून।** 2100 रुपए का बिजली बिल को लेकर विवाद इस कदर बढ़ा कि बड़े भाई ने छोटे भाई पर रात में सोते समय हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया. शोर सुनकर बाहर आई बहन को भी बड़े भाई ने मारने के लिए दौड़ा, जिस पर उसने भागकर अपनी जान बचाई. घटना में गंभीर रूप से घायल छोटा भाई का अंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा है, वहीं बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

गुढियारी थाना प्रभारी केके कुशवाहा ने बताया कि दुर्गा चौक अशोक नगर निवासी दुर्गा तिवारी पिता गौरीशंकर तिवारी (32 वर्ष) रात में सोया हुआ था, करीबन 1.30 से 2 बजे उसका बड़ा भाई पुरषोत्तम तिवारी (35 वर्ष) ने हथौड़ी से उस पर हमला किया. कुछ पटकने की आवाज सुनकर बगल रूम में सोई उसकी बहन रुक्मणि तिवारी (40 वर्ष) जब लाइट जलाकर देखी तो पुरुषोत्तम तिवारी हथौड़े से अपने भाई दुर्गा दास को मार रहा था. चिल्लाने पर आरोपी अपनी बहन को भी मारने के लिए दौड़ा, जिस पर उसने दौड़कर अपना जान बचाई.

आरोपी की बहन भारत माता चौक में जाकर पुलिस गश्ती दल को घटना की जानकारी दी. मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि आरोपी ने घर का मुख्य चेनल गेट पर ताला लगा दिया है, जिसे तोड़कर पुलिस अंदर पहुंची. हथौड़े के मार से गंभीर रूप से घायल दुर्गा तिवारी को उपचार के लिए 112 के जरिए मेकाहारा भेजा, जहां उनकी स्थिति को देखते हुए डीकेएस रेफर किया गया है, जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है. वहीं आरोपी को पकड़कर पुलिस पूछताछ में जुटी है।

आरोपी और पीड़ित की बहन की शिकायत पर थाना गुढ़ियारी में धारा 109 बीएनएस मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है.

# बाल मधुमेह मरीजों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर, 1 जून।** आज गुडविल हॉस्पिटल, रायपुर के सेमिनार हॉल में बाल मधुमेह से पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से चयनित बच्चों ने हिस्सा लिया।

प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सत्यजीत साहू ने बाल मधुमेह के कारणों, इंसुलिन लगाने की तकनीक, आहार चिकित्सा, सिक डे मैनेजमेंट, इन्फेक्शन कंट्रोल और सामाजिक कलंक (सोशल स्टिग्मा) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उचित शुगर नियंत्रण के साथ इन सभी समस्याओं का समाधान संभव है।

कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए सांता क्लॉज की वेशभूषा में बच्चों के साथ खेल आयोजित किए गए, जिसके बाद बच्चों को



पारितोषिक वितरित किए गए। अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस पहल की सराहना की। बाल मधुमेह की ब्रांड एम्बेसडर पूजा सोनी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और खुद को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना चाहिए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूजा, विभा, फनेश्वरी, आलिशा, मयंक, अविनाश और आसिफ ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 : लगाए जाएंगे 2.75 करोड़ पौधे

**रायपुर, 1 जून।** 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत प्रदेश में करीब दो करोड़ 75 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधों की उपलब्धता वन विभाग के नर्सरियों और विभागीय स्त्रोतों से सुनिश्चित की जाएगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बैठक में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की समीक्षा की। बैठक में अभियान के तहत शासकीय विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण के निर्देश दिए गए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में अधिकारियों से 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने वालों को उस पौधे के ग्रोथ की निगरानी से जोड़ें, जिससे वृक्षारोपण के वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और अन्य महाविद्यालयों से अनेक लोग निकलकर आज कामयाबी के शिखर पर हैं। इन सभी संस्थाओं को ऐसे लोगों को संस्था में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान अवश्य आमंत्रित करना चाहिए। नगरीय निकायों में शहरों के बड़े व्यवसाईयों, उद्योगपतियों और अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कराया जाना चाहिए। उप मुख्यमंत्री साव ने स्कूलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वालों की भागीदारी सुनिश्चित करने और सभी को वृक्षारोपण के दौरान रोपे गए पौधों के ग्रोथ की भी जानकारी देना सुनिश्चित करने को कहा। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने वृक्षारोपण में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले लोगों को 15 अगस्त और वानिकी दिवस पर सम्मानित किए जाने की बात कही। उन्होंने आगामी पर्यावरण दिवस 5 जून को होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रमों में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### एनआईटी रायपुर ने आयोजित किया वाकेथान और शपथ समारोह

# कार्यक्रम में प्लास्टिक हटाओ-जीवन बचाओ के लगाए गए नारे

**रायपुर, 1 जून।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 31 मई से 5 जून तक सप्ताह भर चलने वाली विविध गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। यह गतिविधियां माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए मिशन लाइफ के उपलक्ष्य में, शिक्षा मंत्रालय एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित की जाएगी।

इस वर्ष का विषय वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत रहेगा, जिसके अंतर्गत संस्थान द्वारा सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनचेतना को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

गतिविधियों की श्रृंखला की शुरुआत 31 मई को वॉकाथॉन और शपथ समारोह से हुई, जो संस्थान के मुख्य भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर संस्थान के डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) तथा वार्ड क्रमांक 20, कोटा, रायपुर के पार्षद अमन सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. डी. सी. झारिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. गोविंद पी. गुप्ता, डॉ. देबाशीष मिश्रा, संकाय सदस्य, कर्मचारी, स्कॉलर और छात्र उपस्थित रहे।




सभी प्रतिभागी इस वॉकाथॉन में उत्साहपूर्वक शामिल हुए और प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक शपथ ली। इस दौरान प्लास्टिक छोड़ो और प्रकृति से नाता जोड़ो, हम सबका एक ही नारा प्लास्टिक मुक्त हो देश हमारा और प्लास्टिक हटाओ जीवन बचाओ जैसे नारे लगाए गए।

संस्थान 31 मई से 5 जून तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन करेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 31 मई को एक जागरूकता वॉकथॉन और शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई। स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग एवं 'वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट' प्रतियोगिताएं 2 जून को आयोजित की जाएंगी, जिसके पश्चात 3 जून को स्वच्छता अभियान और हैकाथॉन आयोजित होंगे। 4 जून को प्लास्टिक उद्योग भ्रमण और विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तावित है। 5 जून को ग्रीन चैंपियन सम्मान, पुरस्कार वितरण तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# प्रदेश में चावल उत्सव की शुरुआत

**रायपुर, 1 जून।** प्रदेश में आज से चावल महोत्सव की शुरुआत हो रही है। यह चावल महोत्सव 7 जून तक चलेगा और इस दौरान 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त तीनों माह का चावल एकमुश्त वितरित किया जाएगा। इस चावल महोत्सव के लिए के प्रदेश भर की 13, 928 उचित मूल्य दुकानों में चावल का अग्रिम भंडारण किया जा चुका है। ऐसा इसलिए किया गया ताकि चावल का वितरण सुचारु रूप से हो सके। मानसून में पहुंचविहीन होने वाली 249 दुकानों में भी पहले से चावल भेजा जा रहा है। वितरण पूरी तरह पारदर्शी होगा बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही चावल मिलेगा और रसीद अनिवार्य रूप से दी जाएगी। खाद्य विभाग ने जिलों को निर्देशित किया है कि प्रचार-प्रसार के जरिए हर लाभार्थी तक जानकारी पहुँचे। इस पहल से दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों तक समय पर खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। राज्य खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 1 जून से 7 जून तक चावल उत्सव के दौरान सभी उचित मूल्य दुकानों से चावल का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर दुकानों में वितरण संबंधित जानकारी का प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है। सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि चावल वितरण की सूचना स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित की जाए, जिससे प्रत्येक लाभार्थी तक यह जानकारी सुगमता से पहुंचे और वितरण पारदर्शी रहे।

### अब निजी क्षेत्र भी औद्योगिक पार्क बना सकेंगे, सरकार देगी अनुदान

**रायपुर, 1 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने राज्य की औद्योगिक नीति में बड़ा बदलाव किया है। अब 15 एकड़ या उससे अधिक जमीन वाले निजी क्षेत्र भी औद्योगिक पार्क की स्थापना कर सकेंगे। राज्य सरकार प्रति एकड़ 20 लाख रुपए की अनुदान प्रदान करेगी। नई नीति के तहत अगर कोई व्यक्ति या निजी संस्था 15 एकड़ भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करना चाहता है, तो उन्हें कुल 3 करोड़ रुपए तक का अनुदान मिल सकता है। साय सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के प्रत्येक जिले में कम से कम एक निजी औद्योगिक पार्क स्थापित काने की योजना है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26